आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | बिलासपुर, गुरुवार 24 दिसंबर 2020, शुक्ल पक्ष दशमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-250 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कहते हैं न कि जब तक दुनिया में मूर्ख रहेंगे अक्लमंद भूखों नहीं मर सकते। हमारे देश में तो अक्ल के अंधों और गांठ के पूरे लोगों की भरमार है। एक ढूंढों हजार मिलते हैं, नगद ढूंढो उधार मिलते हैं। ऐसे ही एक डेढ़ होशियार है प्रशांत किशोर। जिनका कारोबार दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से फल फूल रहा है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनवाने का ठेका लेकर उनका बंठाधार कराने वाले प्रशांत किशोर का ममता दीदी बनी है नया शिकार। देखना दिलचस्प होगा कि दीदी की नैया होती है पार या डूबती है मझधार।

'किसान दिवस' पर अन्नदाताओं के लिए छलकी केंद्र-विपक्ष की हमदर्दी

■ कृषि मंत्री ने किसानों को दिलाया भरोसा तो ममता ने भेजे 5 'दूत'

नई दिल्ली/ए.। किसान आंदोलन के 26वें दिन पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती का अवसर आ गया और इस मौके पर क्या किसान और क्या नेता, सभी ने किसानों के सिरमौर रहे सिंह को याद किया। सरकार ने चौधरी चरण सिंह को किसानों का मसीहा बताया तो आंदोलनकारी किसानों ने सिंघु बॉर्डर पर हवन का आयोजन किया। फिर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने अटल इरादों के साथ दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर डटे किसानों को मनाने के लिए फिर से प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए सरकार की भावनाओं का इजहार किया। इस बीच विपक्ष ने भी फिर से अपने पत्ते फेंक दिए। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आंदोलनकारी किसानों से बात की तो कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कृषि मंत्री तोमर की पहचान पर ही सवाल खड़ा कर दिया।

मोदी सरकार किसानों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : तोमर

बहरहाल, केंद्रीय कृषि मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए किसानों को आश्वस्त करने का प्रयास किया कि तीन नए कानून ही कृषि क्षेत्र की आखिरी कड़ी नहीं हैं बल्कि यह बड़े पहल की दिशा में पहला प्रभावी कदम है। उन्होंने एमएसपी पर किसानों को भरोसे में लेने की कोशिश की। तोमर ने कहा, कृषि सुधार की दृष्टि से, एमएसपी को परिभाषित करने की दृष्टि से कई बातें हम सभी के मन में हैं, किसान नेताओं और किसानों के मन में भी हैं। कुछ सुधार हुए हैं और बहुत से सुधार आने वाले समय में कृषि क्षेत्र में किए जाने हैं।

ममता ने सिंघु बॉर्डर पर भेजे 'दूत', किसानों से खुद भी की बात

उधर, विपक्ष बुधवार को भी किसान आंदोलन के मुद्दे पर सक्रिय रहा। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किसानों से बात की और अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के समर्थन का आश्वासन दिया। साथ ही, टीएमसी के पांच सांसद भी सिंघु बॉर्डर पर जाकर किसानों से मुलाकात की। ममता के निर्देश पर यहां पहुंचे टीएमसी सांसदों में डेरेक ओ'ब्रायन, शताब्दी राय, प्रसून बनर्जी, प्रतिमा मंडल और मोहम्मद नदीमुल हक शामिल थे।

शीतसत्र का तीसरा दिन। किसान आत्महत्या के मुद्दे पर विपक्ष ने दिया था प्रस्ताव

गलतफहमी से शोर- शराबा विपक्ष का स्थगन अस्वीकार

■ बलरामपुर के किसान के वाकये को लेकर बरपा हंगामा

■ भोजनावकाश से पहले कार्यवाही 5 मिनट के लिए हुई स्थगित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। विधानसभा के शीतसत्र के तीसरे दिन बुधवार को किसान आत्महत्या के मुद्दे पर लाये गए भाजपा के स्थगन प्रस्ताव पर गलतफहमीवश जमकर शोर शराबा हुआ। हंगामा स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यत को लेकर चर्चा के दौरान हुआ, जिसके कारण भोजनावकाश से पूर्व सभापति सत्यनारायण शर्मा ने पहले तो कार्यवाही को पांच मिनट के लिए स्थगित कर दिया और फिर भोजनावकाश तक के लिए कार्यवाही स्थगित करने का ऐलान करते हुए विपक्ष का स्थगन प्रस्ताव भी अस्वीकार कर दिया। दरसअल भाजपा की ओर से शिवरतन शर्मा व अन्य सदस्यों के साथ ही जकांछ के धर्मजीत सिंह ने भी स्थगन प्रस्ताव पेश किया था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऐसे अस्वीकार हुआ स्थगन प्रस्ताव

विलोपन के बाद विपक्ष के नेता शिवरतन शर्मा ने स्थगन प्रस्ताव को लेकर अपनी बात कही। उन्होंने प्रदेश में किसान आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं के साथ ही नकली खाद बीज, बारदानों की कमी, रकबे में कटौती के मुद्दे पर अपनी बात रखी। इसके बाद धर्मजीत सिंह ने भी अपनी बात रखी व मृत किसानों के परिजन को मुआवजे की मांग की। जब बारी अजय चंद्राकर की आई तो वे स्थगन पर अपनी बात रखने के लिए जो भूमिका बांध रहे थे उस पर आसंदी ने आपत्ति जताई और किसानों के मुद्दे पर बात करने को कहा।

विपक्ष ने की मंत्री चौबे से माफी की मांग

दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर विपक्ष सत्तापक्ष पर हावी हो गया। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक समेत भाजपा सदस्य बृजमोहन अग्रवाल, शिवरतन शर्मा तथा अजय चंद्राकर ने कहा कि उनके स्थगन में किसान को मृत नहीं बताया गया है। शिवरतन शर्मा ने बलरामपुर के किसान वाली लाइन भी पढ़कर सुनाई। वहीं बृहस्पत ने कहा कि प्रस्ताव को पढ़ने में मृत बोला गया है। फिर भाजपा सदस्यों ने मांग की कि मंत्री चौबे को अपनी बात को लेकर माफी मांगनी चाहिए। इस पर आसंदी ने भी कहा कि स्थगन प्रस्ताव में बलरामपुर के किसान को मृत नहीं बताया गया है।

पहली बार आसंदी के शब्दों का विलोपन

जब भाजपा सदस्य जोर देकर मंत्री से माफी की मांग दोहराने लगे तो आसंदी पर विराजमान सत्यनारायण शर्मा ने सभा के सुचारू संचालन के लिए अपनी बात कही। इस पर भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, 'छत्तीसगढ़ विधानसभा की उच्च परंपराए रही हैं, जिसकी विश्व में चर्चा होती है। लेकिन यदि मंत्रीजी की ओर से इस बात को भांपते हुए भी माफी नहीं मांगी जाती तो हम इसे उनके विवेक पर छोड़ते हैं।' अग्रवाल ने आगे जो कहा, उसका आशय कुछ ऐसा था- लेकिन आप ऐसा (जो काम सरकार का है उसे) मत कीजिए। आप अपनी बात को विलोपित कर दीजिए। जकांछ के धर्मजीत सिंह ने भी सभापति से यही आग्रह किया। जिसके बाद सभापति ने अपनी बात को कार्यवाही से विलोपित कर दिया।

लोकवाणी में इस बार सीएम करेंगे युवाओं से बातचीत

■ 28, 29 एवं 30 दिसंबर को अपराह्न 3 से 4 बजे के बीच फोन करके करा सकते हैं रिकॉर्डिंग

■ 10 जनवरी को प्रसारित होगी 14वीं कड़ी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार युवाओं से बातचीत करेंगे। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नंबर 0771-2430501, 2430502, 2430503 पर 28, 29 एवं 30 दिसंबर को अपराह्न 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने सवाल रिकॉर्ड करा सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 14 वीं कड़ी का प्रसारण 10 जनवरी 2021 को होगा। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों, एफएम रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चौनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बिहार दौरा स्थगित

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 23 दिसंबर को अपना बिहार दौरा स्थगित कर दिया है। बता दें कि इससे पहले मुख्यमंत्री 23 दिसंबर को बिहार कांग्रेस द्वारा आयोजित किसान आंदोलन के समर्थन कार्यक्रम में बिहार जाने वाले थे, जो अब स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को विधानसभा में सदन के पटल पर अनुपूरक बजट रखा। इसके अलावा उन्होंने अन्य 4 महत्वपूर्ण विधेयक भी सदन के पटल पर रखे।

दो विधायकों वाली बीटीपी ने छोड़ा गहलोत सरकार का साथ

सरकार को अभी भी नहीं कोई खतरा

जयपुर। राजस्थान सरकार को समर्थन दे रही दो विधायकों वाली भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) ने अशोक गहलोत सरकार से बुधवार को समर्थन वापस ले लिया है। अभी तक हर सियासी संकट में बीटीपी गहलोत सरकार का समर्थन देती आई थी। राज्यसभा चुनाव और उसके बाद मुख्यमंत्री गहलोत तथा सचिन पायलट में मतभेदों के वक्त भी बीटीपी ने गहलोत का साथ दिया था। बीटीपी के सरकार से समर्थन वापिस लेने के बाद भी सरकार को फिलहाल किसी तरह का खतरा नहीं है। भाजपा और उसकी सहयोगी आरएलपी को छोड़कर निर्दलीयों सहित सभी दलों का करीब-करीब समर्थन है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खास- खबर

किसानों का भुगतान न करने वाले व्यापारी की संपत्ति कुर्क

ग्वालियर/ए.। दिल्ली की सीमाओं पर पिछले कई दिनों से नए कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे किसान आन्दोलन के बीच इसी कानून के तहत किसानों से धोखाधड़ी करने वाले व्यापारी पर बड़ी कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई मप्र के ग्वालियर जिला प्रशासन द्वारा भितरवार ब्लॉक के बाजना गांव में की गई है। यहाँ 17 किसानों के धान का 40 लाख रुपये भुगतान नहीं करने वाले व्यापारी की संपत्ति कुर्क करके प्रशासन ने नीलामी शुरू कर दी है। मंगलवार को आरोपित व्यापारी बलराम पुत्र मंगराम परिहार के एक हजार वर्गफीट में बने मकान को एक लाख 45 हजार रुपये में नीलाम कर दिया गया। जमीन की भी नीलामी होनी थी, लेकिन सीमांकन न होने की वजह से कोई बोली लगाने नहीं आया। अब प्रशासन पहले उसका सीमांकन कराएगा।

सेना को बड़ी कामयाबी अवंतीपोरा में जैश का नेटवर्क ध्वस्त

जम्मू/ए। जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में सेना ने सीआरपीएफ और पुलिस की मदद से जैश-ए-मोहम्मद के एक नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। जवानों ने आतंकवादियों के छह मददगारों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया है कि यह नेटवर्क त्राल और संगम इलाकों में हुए ग्रेनेड हमलों की घटनाओं में भी शामिल रहा है। आतंकवादियों के छह मददगार साथी पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं के संपर्क में थे। पुलिस ने आगे बताया कि इन छह मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। इन्होंने हाल के दिनों में सुरक्षा बलों पर हैंड ग्रेनेड से हमला किया था। पुलिस ने आतंकियों के सहयोगियों से विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। इसके साथ ही, सभी के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया गया है।

कलकाता हाईकोर्ट का फैसला

वयस्क लड़की के मर्जी से शादी और धर्म परिवर्तन में नहीं दे सकते दखल

कोलकाता/ए.। धर्म परिवर्तन को लेकर चर्चा के बीच कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक बड़ी टिप्पणी की है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अगर कोई व्यस्क लड़की अपनी पसंद से शादी और धर्म परिवर्तन करती है, तो इसमें हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। अदालत ने एक पिता द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें उसने दावा किया था कि उसकी बेटी को दूसरे

धर्म के व्यक्ति से शादी करने के लिए अनुचित रूप से प्रभावित किया गया है। याचिकाकर्ता ने अपनी 19 वर्षीय बेटी के अपनी पसंद के एक व्यक्ति से शादी करने के खिलाफ अदालत में याचिका दायर कर शिकायत की थी कि उसकी बेटी ने मजिस्ट्रेट के सामने जो बयान दर्ज कराया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ये कहा कोर्ट ने

न्यायमूर्ति संजीव बनर्जी और न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी की खंडपीठ ने कहा, 'अगर कोई वयस्क अपनी पसंद से शादी करती है और धर्म परिवर्तन का फैसला करती है तथा अपने पिता के घर लौटने से इनकार कर देती है, तो ऐसे मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। पिता की शिकायत पर अदालत ने आदेश दिया कि युवती की तेहट्टा में वरिष्ठतम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश से मुलाकात कराई जाई।

भारत के स्पेस सेक्टर के लिए निजी प्रस्तावों की लगी झड़ी

बंगलुरु/ए.। दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन और वनवेब सहित कई देसी-विदेशी कंपनियों ने भारत के स्पेस सेक्टर में दिलचस्पी दिखाई है। सरकार ने कुछ महीने पहले देश के स्पेस सेक्टर को निजी क्षेत्र के लिए खोलने का फैसला किया था। उसे देसी कंपनियों के कम से कम 22 और विदेशी कंपनियों के 4 प्रस्ताव मिले हैं। नवगठित स्पेस रेग्युलेटर इन-स्पेसई इस प्रस्तावों की समीक्षा कर रहा है। जेफबेजोस की कंपनी ऐमजॉन वेब सर्विसेज और भारती ग्रुप के निवेश वाली ब्रिटेन की कंपनी वनवेब भी उन कंपनियों में शामिल हैं जिन्होंने भारत के स्पेस सेक्टर में दिलचस्पी दिखाई है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती नहीं दे सका गुपकर गठबंधन : भाजपा

■ जम्मू-कश्मीर डीडीसी चुनाव के नतीजों भाजपा गदगद

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनाव के नतीजों में बीजेपी के बेहतर प्रदर्शन के बाद पार्टी ने बुधवार को कहा है कि गुपकर गैंग पीएम मोदी को चुनौती नहीं दे सका। बीजेपी ने यह भी बताया कि गुपकर गैंग के सभी दलों को मिलाकर भी उनसे ज्यादा वोट भाजपा को मिले हैं। केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि डीडीसी चुनाव में लोकतंत्र की जीत हुई, लोगों की आशा की जीत हुई और पीएम मोदी जी ने जो कश्मीर के लिए सोचा ये उसकी जीत है। इस चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी

पार्टी बनकर सामने आई है। बीजेपी को 75 सीटें मिली, नेशनल कॉन्फ्रेंस को 67 सीट, पीडीपी को 27 और कांग्रेस को 26 सीट मिली हैं। रविशंकर ने कहा कि जो बार-बार गुपकार एलायंस की जीत बताई जा रही है, वो एलायंस इसलिए बनी क्योंकि वे जानते थे कि वो भाजपा से अकेले नहीं लड़ सकते थे। भाजपा को 4,87,364 वोट मिले हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हमें मिटाने में कामयाब नहीं होंगे : रविशंकर

रविशंकर ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला जो भी साजिशे रचें आप कभी भी हमें मिटाने में कामयाब नहीं होंगे। हमें मिटाने की ताकत सिर्फअल्लाह के हाथ में है और फिर यहां की आवाम के हाथ में है। करिए अपना प्रोपेगेंडा..बताइए दुनिया को अपना झूठ, कभी न कभी तो आपका झूठ..झूठ ही साबित होगा। उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर जहां हम जीतने की उम्मीद कर रहे थे लेकिन हम वहां सीट नहीं निकाल पाए। इस चुनाव में बीजेपी की हालत खराब हुई है इसलिए मुझे नहीं लगता वो अब जल्दीबाजी में विधानसभा का चुनाव कराएंगे।

कार्यवाही | **प्रश्नकाल में कांग्रेस सदस्य दलेश्वर साहू ने उठाया कस्टम मिलिंग में गड़बड़ी का मामला, जांच की मांग की**

...जब सदन में फंसा परीक्षण व जांच का पेंच

■ मंत्री भगत पहले बोले- करवा लेंगे परीक्षण

■ आसंदी ने कहा- जवाब संतोषजनक, होगी जांच

■ चंद्राकर की चुटकी- मंत्रीजी से पूछ लें जांच कहा या परीक्षण

■ आखिरकार भगत ने कहा- जांच पर अड़े हैं तो यही होगी

रायपुर/नवप्रदेश। सदन की कार्यवाही के दौरान संसद से लेकर विधानसभा में माननीयों के चुटीले अंदाज देखने को मिलते हैं। कभी-कभी ये हल्की-फुल्की बातें भी अपने आप में बड़ी गंभीरता वाली होती हैं। ऐसी हा एक वाकया बुधवार को सदन में देखने को मिला। वो भी प्रश्नकाल की शुरुआती में जब कांग्रेस के दलेश्वर साहू ने अपने प्रश्न पर चर्चा के दौरान अपने क्षेत्र में धान की कस्टम मिलिंग में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। दलेश्वर साहू ने पूछा था कि मार्कफेड राजनांदगांव में 2018 से 2020 तक कितने राइस मिलर्स धान की कस्टम मिलिंग हेतु पंजीकृत हैं। उन्हें मिलिंग के लिए कितना टन धान दिया गया व उनसे कितना उसना व अरवा चावल लिया गया। उन्होंने यह भी पूछा कि पंजीयन के लिए मिलर्स के लिए कौन कौन से दस्तावेज जरूरी है। मंत्री भगत ने इसका जवाब दिया और यह भी बताया कि मिलर्स को बिजली कनेक्शन संबंधी दस्तावेज देना भी जरूरी है। इस पर साहू ने अपने क्षेत्र के ऐसे मिलर्स के नाम गिना दिए जिनका उनके मुताबिक बिजली कनेक्शन नहीं है और फिर भी उनसे कस्टम मिलिंग करा ली गई। दलेश्वर साहू ने इस पूरे मामले की जांच की मांग की। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ये कहा मंत्री भगत ने

इस पर मंत्री भगत ने साहू से कहा ऐसा होना संभव नहीं है। पंजीयन के समय सभी दस्तावेज मंगा लिए जाते हैं। यदि किसी ने फर्जी दस्तावेज दिए हैं तो आप उन्हें दे दीजिए हम परीक्षण करा लेंगे। विपक्ष ने इस पर आग में घी का काम करते हुए कहा कि मंत्रीजी को जांच की घोषणा करनी चाहिए। इस पर उपाध्यक्ष मनोज मंडावी ने कहा कि मंत्रीजी का जवाब संतोषजन है। वे जांच कराने को तैयार हैं। इसी बीच चंद्राकर ने चुटकी लेते हुए कहा कि मंत्रीजी से पूछ लिया जाए कि वे जांच कह रहे हैं या परीक्षण। इस पर दलेश्वर साहू ने भी कहा कि जांच होनी चाहिए।

मंत्री चौबे चंद्राकर से- सदन में आप ही विद्वान

जब चंद्राकर ने मंत्री भगत के परीक्षण शब्द पर सवाल उठाया तो मंत्री रवींद्र चौबे उन्हें टोकने लगे। इस पर चंद्राकर ने उनसे कहा- मैं आपके जितना विद्वान नहीं हूं। तो मंत्री चौबे ने कहा- सदन में आप ही विद्वान हैं।

कोरोना के नए स्ट्रेन ने बढ़ाई टेंशन, कर्नाटक में नाइट कर्फ्यू

बेंगलुरु/ए.। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने बुधवार को बताया कि राज्य सरकार ने कोविड-19 के नए स्ट्रेन के संक्रमण को काबू करने के लिए बुधवार रात से 2 जनवरी की रात तक कर्फ्यू लागू करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य मंत्री के सुधाकर, कोविड-19 के लिए राज्य की तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) के सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुलाकात के बाद यह घोषणा की। कोविड-19 वायरस के नए स्वरूप के कारण और भारत सरकार एवं तकनीकी सलाहकार समिति की सलाह के अनुसार, आज (बुधवार) से दो जनवरी, 2021 तक रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रात्रि कर्फ्यू लागू करने का फैसला किया गया है। येदियुरप्पा ने कहा कि नाइट कर्फ्यू पूरे राज्य में लागू रहेगा।.. मैं सभी लोगों के अपील करता हूं कि वे कोविड-19 के नए स्वरूप के संक्रमण को रोकने में सहयोग करें।

■ न्यूज गैलरी

कलेक्टर एल्मा ने मृतकों के वारिसों के लिए 20 लाख की राशि स्वीकृत की

मुंगेली (नव प्रदेश)। कलेक्टर ने आरबीसी 6-4 के तहत विभिन्न कारणों से मृत 5 व्यक्तियों के वारिसों के लिए प्रति व्यक्ति चार लाख रूपये की मान से 20 लाख रूपये की राशि की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होने तहसील लोरमी के ग्राम करनकापा के रामसिंह भास्कर के सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस भुरूवा भास्कर, पिता स्व. रामसिंह भास्कर, तहसील पथरिया के ग्राम चुनचुनिया के भोजराम के सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस रामा निषाद, पिता रामलाल निषाद, ग्राम खजरी के बिसाहू के तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मंगलू राम निषाद, पिता स्व. बिसाहू राम, तहसील मुंगेली के ग्राम चकरभट्ठा के पूर्णिमा यादव के तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस रामकृष्ण यादव, पिता कंगलू यादव तथा ग्राम दशरंगपुर के किन्शु साहू पानी की टंकी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस पुनउराम, पिता खेलूराम के लिए क्रमशः 4-4 लाख रूपये की राशि की स्वीकृति प्रदान की है।

दो बच्चों को मिला एमआर किट

मुंगेली (नव प्रदेश)। कलेक्टर के निर्देश पर आज अपर कलेक्टर राजेश नशीने ने जिला कलेक्टोरेट परिसर में बौद्धिक मंदता वाले छात्र ओम विद्या पीठ मुंगेली में अध्ययनरत् तेजस गोयल और शा.प्राथ.शाला राम्हेपुर लोरमी में अध्ययनरत् छात्रा संस्कार मिश्रा

को सहायक शिक्षण अधिगम साम्प्रगी (एम आर किट) प्रदान कर उनका उत्साह वर्धक किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री नशीने ने बौद्धिक मंदता वाले बच्चों एवं उनके पालकों से चर्चा करते हुए एम आर किट के रख-रखाव एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक परियोजना समन्वयक (आईड) अशोक कश्यप, बी.आर.पी. संजीव सक्सेना, श्रीमती प्रिया यादव, रवि प्रसाद लहरे, संजय साहू, सीएसी, शेख रसीक, अमृत निर्मलकर, गुलजारी लाल, संतोष साहू, हेमप्रसाद जांगड़े, मनीषा बघेल, दिव्यांग बच्चों सहित पालकगण भी उपस्थित थे।

10 माह की फरारी काटने के बाद आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर (नव प्रदेश)। 10 माह फरारी काटने के बाद ठगी के आरोपी को तारबहार पुलिस ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है,आरोपी और आरोपी कि पत्नी पर अजाक थाने में 22 फरवरी 20 को एक्ट्रोसिटी का व 28 जून व 7 जुलाई 20 को तारबहार थाने में 420 का अपराध दर्ज हुआ था,आरोपी अजाक थाने में ही अपराध दर्ज होने के बाद से फरार हो गया था इस दौरान आरोपी ने अग्रिम जमानत अर्जी अदालत में लगाई थी जो खारिज हो गयी थी।इस दौरान आरोपी पर प्रार्थी सन्तोष राय ने 34 लाख रुपये ले कर रजिस्ट्री होने के बाद भी कब्जा नही देने का एफआईआर तारबहार थाने में दर्ज करवाया इसके बाद शीतला प्रसाद त्रिपाठी ने भी 25 लाख में रजिस्ट्री करवाने के बाद भी कब्जा नही देने की एफआईआर दर्ज करवाई पुलिस एफआईआर दर्ज कर लगातार आरोपी राजेश सेठ को खोज रही थी पर आरोपी लगातार भेष बदल बदल कर पुलिस को चकमा दे रहा था ,इसी बीच तारबहार पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी गाजियाबाद में किराए के मकान में रह रहा हैं,जिस पर पहले से ही दिल्ली में मौजूद साईबर सेल बिलासपुर की टीम को आरोपी के पता तलाश करने को कहा गया और तारबहार से भी पुलिस पार्टी को रवाना किया गया जहाँ पुलिस ने लगातार रेकी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने 2018 में खुद की पार्टी आप सब की अपनी पार्टी बना कर विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था पर वोटो का आंकड़ा सैकड़ो में भी नही पहुँच पाया । प्रकरण की विवेचना तारबहार थानेदार प्रदीप आर्या के निर्देश पर एसआई पीआर साहू और एएसआई उमेश उपाध्याय ने जांच कर आरोपी बिल्डर के खिलाफ साक्ष्य जुटाए और आरोपी को अदालत में पेश कर जेल रिमांड में जेल दाखिल करवाया।

शिक्षा स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत में की गई आयोजित

सूरजपुर (नव प्रदेश)। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नरेश राजवाड़े की अध्यक्षता एवं सदस्य श्री बिहारी लाल कुलदीप, श्री लवकेश रामसेवक पैंकरा, श्री प्रदीप राजवाड़े की उपस्थिति में 22 दिसम्बर 2020 को जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में शिक्षा स्थायी समिति की बैठक संपन्न की गई। बैठक में चर्चा करते हुए विकासखण्ड भैयाथान, ओड़गी एवं रामानुजनगर में जर्जर हो चुके उ0मा0वि0भवन की मरम्मत एवं नवीन भवन हेतु प्रस्ताव राज्य शासन को भेजने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये एवं बताया गया कि विकासखण्ड मुख्यालयों में कोई भी खपरैल भवन प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला का न रहे, इस हेतु सर्वे कराकर प्रस्ताव तैयार किये जायें। इसके साथ ही स्कूलों में प्रदत्त की जा रही सामाग्री गुणवत्तायुक्त हो इसपर विशेष ध्यान देने कहा गया। समिति के द्वारा रामानुजनगर में नवीन कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय हेतु प्रस्ताव राज्य शासन को भेजने कहा गया है। जिले में शिक्षा हेतु उपयोग हो रही सामाग्रियों की गुणवत्ता सही हो।

रोजाना बंपर खरीदी, अभी तक परिवहन का ठेका नहीं

परिवहन पर अटका हुआ है मामला, धरी रह गई सारी तैयारियां, प्रभावित होगी धान खरीदी!

सुशील शुक्ला

मुंगेली (नव प्रदेश)। एक माह देर से धान की खरीदी को लेकर सरकार अब निशाने पर है इस बार धान उठाव को लेकर स्थिति बिगडते नजर आ रही है,उठाव नही होने पर धान के रखरखाव को लेकर भंयकर स्थिति पैदा हो सकती है,दरअसर अब तक धान के परिवहन को लेकर टेडर की प्रकिया स्पष्ट नही हो पायी है। खरीदी प्रारभ हुए लगभग बीस दिन बीतने को है,इसके बावजूद धान का परिवहन ट्रांसपोर्टरों ने प्रारभ नही किया है,हालकी मिलर्स द्वारा किए जा रहे परिवहन से धान खरीदी केन्द्रो राहत है।

जिले में धान खरीदी को 22 दिन बीत चुके है। 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य में धान की खरीदी शुरू हुई है और अब तक जिले में 12 लाख 75 हजार 346 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। बड़ी मात्रा में धान खरीदी के बाद अब समितियों में धान का उठाव बड़ी समस्या बनी हुई है। धान का उठाव नही होने से जिले के अधिकांश खरीदी केंद्रों में स्टॉक बफर लिमिट तक पहुंच चुका है। यदि जल्द ही इन खरीदी केंद्रों में धान का उठाव नहीं हुआ तो खरीदी प्रभावित होगी। जिले के कई उपार्जन केंद्रों में बारदाने की कमी के चलते धान खरीदी प्रभावित हो रही है। जिले में इस वर्ष 93 धान खरीदी केंद्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जा रहा है। इसमें से कई केंद्र ऐसे है, जहां 22 दिसंबर की स्थिति में धान का बफर लिमिट तय सीमा से अधिक तक पहुंच गया है। कई केंद्र तो ऐसे है, जहां क्षमता से दोगुना धान जमा हो चुका है। इधर, विभाग धान उठाव

की प्रक्रिया तेज तो कर रही है। पिछले तीन दिन के अवकाश के बाद सोमवार को समितियों में फिर से धान की खरीदी शुरू हुई। यही कारण है कि खरीदी केंद्रों में किसानों की भीड़ रही और धान की आवक तेज रही। मंगलवार तक 12 लाख 75 हजार 346 क्विंटल धान की खरीदी हुई। जिसमें से 2 लाख 11 हजार 849 क्विंटल धान का परिवहन किया गया है। खरीदी केंद्रों में 10 लाख 63 हजार 496 क्विंटल धान पड़ा हुआ है। इधर समितियों में बारदाने की कमी के कारण धान खरीदी प्रभावित हो रही है। दुल्लापुर, निरजाम, टेढ़ाधौरा, लालाकापा में बारदाने के अभाव में धान खरीदी प्रभावित हो रही है। इसी प्रकार पण्डरभट्ठा एवं मुंगेली धान खरीदी केंद्रों में भी बारदाने की कमी बनी हुई है। विपणन विभाग में खरीदी केंद्रों की जानकारी लेकर बारदाने की उपलब्धता कराई जा रही है। जिले के समितियों में बारदाने पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है। जिला विपणन अधिकारी टिकेंद्र राठौर ने बताया कि धान खरीदी को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन जानकारी एकत्र कर बारदाना की सप्लाई जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में शुरू कर दी गई है। उन्होने बताया कि कोविड-19 के कारण फैक्टिरिया बंद हो जाने से जूट बारदाना के कमी को देखते हुए नए एचडीपी बारदाने मंगाए गए है। वर्तमान में आगामी दिनों में धान खरीदी को देखते हुए जिले में पर्याप्त बारदाना की व्यवस्था की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन ने खरीफविपणन वर्ष 2020- 21 में परिवहन के लिए तीन बार अल्पकालीन ई-निविदा जारी की है। 22 दिन बीतने को है बावजूद इसके अब तक टेडर की प्रकिया स्पष्ट नही हो पायी है। धान खरीदी को लेकर हर वर्ष प्रारंभिक तैयारियां की जाती है,,, बारदान,रस्सी, परिवहन व अन्य आवश्यक चीजे जो धान खरीदी को प्रभावित न कर , मिली जानकारी के अनुसार कुछ केंद्रों में वारदाना या परिवहन की समस्या के चलते खरीदी प्रभावित होने लगी है,,,, जिसके चलते सुबह से शाम तक खड़े किसानों को मायूस हो लौटने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिले में किसानो को गिरदावली के नाम पर रकबा कम होने और किसानो के रकबा कम करने की शिकायते मिल रही थी, जिसके चलते किसान अपना धान नही बेच पा रहे थे और परेशान होने लगे थे, नये नियमो के उलझन में उलझे किसान अपने धान की बिक्री को सुलझा नही पा रहे है।

शा.उ.मू. दुकान के संचालन हेतु 31 तक करें आवेदन

सूरजपुर (नव प्रदेश)। अनुविभागीय अधिकारी रा. सूरजपुर श्री पुष्पेन्द्र शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड सूरजपुर के शासकीय उचित मूल्य दुकान कोरिया का नवीन एजेंसी आबंटन किया जाना हैं। जिसके लिए आमजनों, सहकारी समितियों, वृहद आदिम जाति बहुद्देषीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति तथा स्थानीय स्वषासीय निकाय एवं इच्छुक संस्था से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। दुकानों के संचालन हेतु इच्छुक संस्था 31 दिसम्बर 2020 कार्यालयीन समय शाम 5.30 बजे तक कार्यालय मे उपस्थित होकर अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में संस्था के प्रस्ताव एवं अन्य दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

कड़ाके की ठंड में भी नहीं जल रहे सार्वजनिक अलाव

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। ठंड में ठिठुर रहे बेघर, कहीं नहीं जल रहे सार्वजनिक अलाव ठंड का असर बेघर लोगों की रातें सड़कों में गुजर रही, नगरपालिका व जिला प्रशासन भी मौन नगर पालिका नहीं दे रही अलाव जलाने पर ध्यान। कड़ाके की ठंड में भी नगर पालिका ने जिला मुख्यालय में सार्वजनिक अलाव की व्यवस्था नहीं की है। बस स्टैंड में अपना अस्थायी घर बसाए लोगों पर ये ठंड आफत बनकर टूट रही है। इनमें कई महिलाएं एवं वृद्ध भी हैं। सड़क किनारों में बसे लोगों की बेबसी समाजसेवी संगठनों को दिख रही और न ही नगर पालिका या जिला प्रशासन को। वर्तमान में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात का न्यूनतम तापमान गिरते जा रहा है। ऐसे में बेघर लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता होगा, यह समझा जा सकता है। सार्वजनिक जगहों पर बेघर लोगों को सोते हुए या ठंड से ठिठुरते हुए देखा जा सकता है। सप्ताह भर से ठंड का असर बढ़ गया है। रात का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। लोग स्वयं कहीं पैरा या लकड़ी, टायर, बांस बल्ली से अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। नया बस स्टेंण्ड पड़ाव चैक दाउपारा चैक पुराना बस स्टैड जिला अस्पताल यहां है अलाव की जरूरत। तमाशबीन बनी पालिका -इस साल ठंड इस कदर बढ़ गई है कि लोगों को कंबलों से भी राहत नहीं मिल रही है, ऐसे में फुटपाथियों के लिए तो यह कभी भी कहर बन सकता है। यह सब जानते हुए भी जिला प्रशासन और नगर पालिका राहत के कोई उपाय नहीं कर रहा है।

सूरजपुर पुलिस ने हत्या के मामले में 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ आरोपी करते थे प्रार्थी को दहेज के लिए प्रताड़ित

■ एक माह की मासूम को पटक कर मार दिया था

नव प्रदेश संवाददाता

सूरजपुर। बुधवार 23 दिसम्बर 2020 की सुबह ग्राम बड़सरा, थाना भैयाथान निवासी सुशीला साहू पति संतोष साहू ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 दिसम्बर की रात्रि 9.30 बजे इसका पति संतोष साहु, ससुर कमलेश साहु एवं सास सुनीता साहु के द्वारा 01 लाख रूपये एवं मोटर सायकल दहेज में मांग कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे तब प्रार्थीया के द्वारा बोला गया कि मैं कहां से लाऊंगी मेरे पिताजी गरीब है जिस पर तीनों ने मिलकर प्रार्थियां को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किये, मारपीट का हल्ला सुन कर पास पड़ोस एवं प्रार्थियां के माता-पिता एवं भाई भी बीच बचाव करने के लिए पहुंचे जिनके साथ ही गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किए। रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 56/20 कायम कर अपराध क्रमांक 135/20 धारा 302, 498(ए), 294, 506, 323, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध करते हुए थाना प्रभारी झिलमिली ने पूरे मामले की जानकारी से पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री राजेश कुकरेजा को अवगत कराए जाने पर उन्होंने पुलिस की टीम को तत्काल मौके पर रवाना करते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी ओड़गी मंजूलता बाज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी झिलमिली व पुलिस टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा कार्यवाही कर आरोपी पति संतोष साहू पिता कमलेश साहू उम्र 25 वर्ष, ससुर कमलेश साहू पिता रामदुलार साहू उम्र 45 वर्ष, सास - सुनीता साहू पति कमलेश उम्र 40 वर्ष निवासी पतेरापारा-बड़सरा, थाना झिलमिली को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

सूरजपुर। आज जिला पंचायत सभाकक्ष में राजकुमारी मरावी की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष श्री नरेश राजवाड़े, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पुष्पेन्द्र शर्मा, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्यों तथा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सामान्य सभा की बैठक संपन्न की गई।

बैठक में प्रस्तावित एजेण्डे के अनुसार चर्चा की गई। जिसमें जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा समस्त पेंच रिपेयरिंग की जानकारी एवं स्वीकृत सड़क की सूची तथा वर्क आडिट की जानकारी दी गई। जिसमें विभिन्न क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य, लोक निर्माण अन्तर्गत निर्माण किये जा रहे कार्यो की प्रगति से अवगत हुए एवं गुणवत्ता युक्त कार्य संपन्न करने कहा हैं। बैठक में वन भूमि कितने उद्योग स्थापित है समस्त वन विभाग में चल रहे निर्माण कार्य एवं खरीदी बिक्री की जानकारी दी गई। वन विभाग के द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी से प्रतिनिधियों को अवगत कराने जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नरेश राजवाड़े ने निर्देश दिये हैं एवं हाथियों से सुरक्षा के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने को कहा है। मां महामाया शक्कर कारखाना केरता अंतर्गत कार्य कर रहे समस्त ठेकेदार एवं एजेंसियो के संबंध में सुरक्षा गार्ड एवं मजदूर ठेकेदारों के लाइसेंस के संबंध में समीक्षा की गई। जिसमें सदस्यों द्वारा वर्तमान में मजदूरों की संख्या पंजीकृत ठेकेदारों की संख्या की जानकारी मांगी गई। जिसपर अधिकारी के द्वारा उपलब्ध कराने की बात कही गई तथा महामाया शक्कर कारखाना तक जाने वाली रोड़ का मरम्मत करने कहा जिससे आने जाने वालों को परेशानी न हो।

संस्था ने किया गर्म कपड़ों का वितरण

दतिमा मोड़ (नव प्रदेश)। कड़ाके की ठंड तेजी से पड़नी शुरू हो गई है। ठंड से लोगो को बचाने के लिए नवज्योति समाज सेवी संस्था के द्वारा एक नई मुहिम की शुरुवात की गई। ग्राम अनरोखा में पंडो समुदाय के जरुरत मंद लोगों और दिव्यांग जनों नन्हे बच्चो को को निःशुल्क गर्म कपड़ों का वितरण किया इस दौरान संस्था संचालक व सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार प्रजापति ने कहा कि इस कड़कड़ाती ठंड के मौसम में बुजुर्गों बच्चों पर सर्दी का असर बहुत पड़ता है इसलिए संस्था के द्वारा यह मुहिम शुरू की गई ताकि जरूरतमंद लोग ठंड से बच सकें हम सबका कर्तव्य है कि ऐसे जरूरत मंदो का सहयोग करे। इस दौरान सहयोगी के रुप में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नोविन रजवाड़े, सूर्या प्रताप सिंह, ताबीज और गांव की महिलाएं व मितानिन उपस्थित थीं।

पटवारियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। प्रदेश भर के पटवारियों का अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी है ,9 सूत्रीय मांगो को लेकर पटवारियों ने मोर्चा खोल दिया है,जिनका साफ कहना है कि लंबित मांगो को जब तक पूरा नही किया जाएगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा। चाहे इसके लिए आर पार की लड़ाई क्यों न लडनी पड़े। बिलासपुर समेत संभाग के सैकड़ों पटवारी बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं और वे सभी यहां नेहरू चौक में धरने पर बैठ गए हैं। उनकी मांग है कि बिना विभागीय जांच के उनके खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज न किया जाए। पदोन्नति के साथ वेतन विसंगति दूर की जाए। नारेबाजी करते हुए उन्होंने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी ना होने पर वे सभी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। राजस्व पटवारी संघ के बैनर पर सैकड़ों पटवारी यहां नेहरू चौक में एकजुट हुए। इसके बाद वे सभी नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। इनका कहना है कि वे सभी इसके पहले 2 से 13 दिसंबर तक काली पट्टी लगाकर काम करते रहे। मांगे पूरी ना होने पर वे सभी बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं और एकजुट होकर लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। पटवारियों का कहना है कि कई जगहों पर उनके खिलाफ बिना विभागीय जांच के एफआईआर दर्ज किए जा रहे हैं। इसके अलावा उनकी विभागीय समस्याएं दूर नहीं हो रही है, जिससे वे सभी परेशान हैं। उनकी बाकी मांगों में भुइयां की समस्या एवं समाधान, वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति, बिना विभागीय जांच के एफआईआर दर्ज न हो। फिक्स टीए, स्टेशनरी भत्ता में बढ़ोतरी, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सल भत्ता, मुख्यालय में निवास की बाध्यता समाप्त करने, अतिरिक्त प्रभार के हल्के का भत्ता देने, वेतन विसंगति दूर करने आदि शामिल हैं।

खुलासा | घोटाला लाखो में नहीं बल्कि करोड़ों में, गाजियाबाद से गिरफ्तारी की कहानी भी अजीबोगरीब

बैंक वालों से मिलीभगत : राजेश सेठ का घोटाला करोड़ों में

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। फ्लैट दिलाने के नाम पर 85 लाख की ठगी करने के आरोप में कथित बिल्डर राजेश सेठ को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कार जेल तो भेज दिया है मगर आरोपी ने ठगी महज 85 लाख की नहीं बल्कि कतिपय बैंक के अधिकारियों से सांठगांठ करके एक ही जमीन को दो दो बैंक मै माड गेज रखकर वजंतम को प्लाट दि लाने का झांसा देकर करोड़ों का घोटाला किया है ।यदि पूरे मामले की जांच होती है तो करोड़ों का घोटाला सामने आएगा ।आरोपी ने तो गौठान कि जमीन पर भी कब्जा कर उसमे फ्लैट बनवाए और लोगो से ठगी की। विनायका हाइट्स, विनायका बिल्डर फ्लैट दिलाने के नाम पर आरोपी राजेश सेठ पकड़ा गया है । बिलासपुर पुलिस करोड़ों की ठगी के मामले को केवल 54 लाख में तब्दील कर रही है । असल में 54 लाख की ठगी केवल फ्लैट बेचने को लेकर है असल खेल तो जमीन के फर्जी दस्तावेज पर 2 बैंकों से लोन लेने का है। इस मामले में बैंक शिकायतकर्ता बनकर सामने नहीं आ रहे हैं, राजेश सेठ और उसकी पत्नी रजनी सेठ का बिलासपुर में व्यवसाय कुछ ही साल पुराना है। दिल्ली से एनजीओ के नाम पर काम करने आए दंपत्ति ने इतनी जल्दी नाम कैसे कमा लिया विनायका हाइट जिस जमीन पर बनाई गई है उसका मूल रजिस्ट्री पेपर केबल 1500 वर्ग फिट का

है। 15 सौ स्क्वायर फीट के प्लाट पर 4 मंजिला अपार्टमेंट पास हो ही नहीं सकता, ऐसा करने के पहले राजेश सेठ ने अपनी जमीन के पास में लगी गांव ठान की जमीन पर कब्जा किया। पट्टे की जमीन पर कब्जे के आधार पर रजिस्ट्री हुई किसी स्थानी नेता की शह पर निगम से स्वयं के उपयोग के नाम पर नक्शा पास हो गया। शातिर बिल्डर ने अपार्टमेंट बनाने के पूर्व ही इसी जमीन पर बैंक ऑफ बड़ौदा से एक बड़ी ऋण राशि प्राप्त की साथ में इलाहाबाद बैंक से भी एक लोन प्राप्त किया। सूत्र बताते हैं कि बिल्डर ने व्यापार विहार क्षेत्र के एक जमीन 50 लाख में क्रय की और उसे एक जर्दा व्यापारी को 1 करोड़ 50 लाख में बेचा। पूरे रजिस्ट्री मामले में टैक्स चोरी का एक लंबा मामला बनता है , जिस पर स्थानीय आयकर विभाग को शिकायत भी की गई है और विभाग ने बिल्डर को नोटिस भी जारी किया है। सूत्रों की बात पर भरोसा करें तो इसी बीच बिल्डर ने नगपुरा, धमनी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का काम भी किया था और कई लाख रुपए बुकिंग एमाउंट लिया था यह जमीन भी इलाहाबाद बैंक में मॉर्गेज रखी गई थी । बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी रिकवरी के लिए ट्रिब्यूनल में केस दाखिल किया है। असल में ठगी का आरोपी फरार नहीं था वह पिछले कई महीनों से स्थानीय दलालों के मार्फत अपनी निर्विवाद जमीन को बेचकर लोगों का पैसा चुका था। और अंत में यहां से पैसा बटोर कर भागने के फिराक में था । गाजियाबाद से उसकी गिरफ्तारी महज संयोग है। लोगों का कहना है कि पुलिस की टीम दिल्ली मेडिकल कॉलेज फर्जी दाखिले के संबंध में गई हुई थी। और अभी भी वहां पर डेरा डाल कर आई है असल में मेडिकल कॉलेज फर्जी दाखिला की एफ आई आर के पीछे भी राजनैतिक दबाव काम कर रहा है इस प्रकरण में मामला जितना एफआई आर में बताया जा रहा है उससे ज्यादा का है ।द10 माह फरारी काटने के बाद ठगी के आरोपी को तारबहार पुलिस ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है,आरोपी और आरोपी की पत्नी पर अजाक थाने में 22 फरवरी 20 को एक्ट्रोसिटी का व 28 जून व 7 जुलाई 20 को तारबहार थाने में 420 का अपराध दर्ज हुआ था।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SHRINIWAS SHARMA SISTA S/O SISTA PATTABHI RAM SHARMA निवासी A-74, NATURE CITY, SAKRI, BILASPUR (C.G.) शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SISTA SREENIVAS SHARMA S/O SISTA PATTABHI RAM SHARMA रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SISTA SREENIVAS SHARMA S/O SISTA PATTABHI RAM SHARMA से ही जाना पहचाना जावे।

SISTA SREENIVAS SHARMA
A-74, NATURE CITY, SAKRI, BILASPUR (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SUDHA SHRINIWAS SHARMA W/O SHRINIWAS SHARMA SISTA निवासी A-74, NATURE CITY, SAKRI, BILASPUR (C.G.) शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SUDHA SHARMA W/O SISTA SREENIVAS SHARMA रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SUDHA SHARMA W/O SISTA SREENIVAS SHARMA से ही जाना पहचाना जावे।

SUDHA SHARMA
A-74, NATURE CITY, SAKRI, BILASPUR (C.G.)

■ न्यूज गैलरी

डड़सेना कलार समाज द्वारा सामाजिक भवन का निर्माण

रायपुर। छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार (सिन्हा) समाज दक्षिण मंडल रायपुर द्वारा सामाजिक भवन का निर्माण किया है, उक्त भवन का लोकार्पण किया जाना है। इसी प्रकार कलार समाज के विवाह योग्य युवक- युवतियों के परिचय हेतु युवक- युवती पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। नव निर्मित भवन का लोकार्पण एवं पत्रिका का विमोचन दिनांक 25 दिसम्बर 2020 दिन शुक्रवार को मोतीनगर बोरिया खुर्द में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथियों के कर कमलों से किया जावेगा। इस हेतु गणमान्य नागरिकों को आतिथ्य हेतु आमंत्रित किया गया है। नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ समाज के समस्त स्वजातिय परिवारों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने में अपनी सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित करें।

महापौर 24 को लेंगे एमआईसी की बैठक

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय के तृतीय तल पर स्थित सभा कक्ष में नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक दिनांक 24 दिसम्बर 2020 गुरूवार को दोपहर 1 बजे रखी गई है। उक्त जानकारी नगर निगम रायपुर के सचिव नेतराम चंद्राकर ने दी है।

अंतिम अगहन गुरुवार को घर-घर होगी लक्ष्मी पूजा

रायपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अगहन गुरूवार के अवसर पर 24 दिसम्बर को चौथे अगहन गुरूवार की पूजा श्रद्धालुओं पूर्ण भक्ति भाव से करेंगी। पौराणिक मान्यता के अनुसार अगहन माह में माता लक्ष्मी का वास पृथ्वी लोक में रहता है। विधिविधान से पूजन करने पर माता अक्षय सुखों की प्राप्ति जातकों को देती है। आज शाम से ही युवतियां एवं महिलाएं घर के सामने खुबसूरत रंगोली डालती है। सुबह घर के प्रवेश द्वारों पर माता लक्ष्मी के चरण चिन्ह आटा के घोल से बनाया जाता है। चरण चिन्हों पर अक्षत रोली अर्पित कर महिलाएं सुबह से दीप जलाकर अपने घर में माता लक्ष्मी के आगमन का इंतजार करती है। लक्ष्मी पूजा के अवसर पर श्रद्धालु महिलाओं एवं युवतियों द्वारा चौसेला, खीर, गाजर का हलवा, फल, सिंघाड़ा, आंवला, बेर आदि भोग लगाकर लक्ष्मी स्त्रोत का पाठ करती है।

23 से 31 तक ऑनलाइन प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

रायपुर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिनांक 23 से 31 दिसम्बर तक रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, जी.ई. रोड, रायपुर में ऑनलाईन प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। ऑनलाईन प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक लोटस इन्टरप्राईजेस, रायपुर द्वारा ऑनबोर्डिग एक्सीक्यूटीव के 140 पदों पर न्यूनतम 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की भर्ती वेतनमान 16 हजार प्रतिमाह की दर पर की जानी है। ताकि योग्य आवेदकों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जा सके। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये आवेदक रोजगार कार्यालय, रायपुर से संपर्क कर सकते हैं।

ट्रक और एक बाइक चोरी, मामला दर्ज

रायपुर। राजधानी में वाहन चोरी की घटना थमने का नाम नही ले रहा है। लगातार वाहन चोरी की घटनाएं सामने आने के बावजूद भी अब तक वाहन चोर गिरोह पुलिस के पकड़ से बाहर है। दुर्गा नगर बीरगांव उरला निवासी गोविन्द सिंह 53 वर्ष ने खमतराई थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 10 चक्का ट्रक रंग लाल-नीला माडल 2006 क्रमांक सीजी 07 सी 7215 पीड़ित के नाम से पंजीकृत है।

विधानसभा में प्रदेश के धान संग्रहण केंद्रों से मिलिंग के लिए धान का उठाव न होने के मुद्दे पर जमकर बहस, विपक्ष का वॉकआउट

सड़ गया एक हजार करोड़ से ज्यादा का धान : विपक्ष
मंत्री भगत- 15 साल में क्यों नहीं बनाए शेड व चबूतरे

■ जांच के लिए सदन की कमेटी बनाने की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। विधानसभा के शीतसत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल में धान संग्रहण केंद्रों से धान का उठाव न होने के मुद्दे पर भी पक्ष विपक्ष में जमकर बहस हुई। विपक्ष ने वॉक आउट भी किया। भाजपा के रजनीश कुमार सिंह तथा नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने संयुक्त रूप से खाद्य मंत्री अमरजीत भगत से संग्रहण केंद्रों से पिछले साल खरीदे गए धान का उठाव न होने संबंधी सवाल पूछा था। और चर्चा में बताया कि मिलिंग के लिए उठाव नहीं होने से एक हजार करोड़ से ज्यादा का धान सड़ रहा है। मंत्री ने कहा कि कस्टम मिलिंग हो रही है। जैसे जैसे स्पेस बनता है वैसे-वैसे उठाव हो रहा है। केंद्र सरकार की ओर से अनुमति नहीं मिलने के कारण कस्टम मिलिंग में देरी हो रही है।

इस पर रजनीश कुमार ने कहा कि उनके क्षेत्र में कस्टम मिलिंग ठीक से नहीं हो रही है। जिससे 800 करोड़ से ज्यादा का धान सड़ गया है। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि

उन्होंने मंत्री भगत के क्षेत्रा का दौरा किया है और वहां भी करोड़ों रुपए का धान सड़ रहा है। पूरे राज्य में एक हजार करोड़ से ज्यादा का धान सड़ने की कगार पर है। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि करीब 1300 करोड़ रुपए का धान प्रदेश भर में सड़ने की कगार पर है। जवाब में मंत्री भगत ने कहा कि यदि 15 साल में धान खरीदी के लिए चबूतरे व शेड बना देते तो स्थिति कुछ और होती।

एक ही दिन में दो तरह के आंकड़े : चंद्राकर

इसी मुद्दे पर चर्चा के दौरान भाजपा के चंद्राकर ने कहा कि मंत्रीजी की ओर से एक ही दिन में शेष धान को लेकर दो सवालों पर दो अलग -अलग तरह के आंकड़े दिए गए हैं। ये अपने आप में आश्र्चर्य है। विभाग एक, मंत्री एक, सचिव भी एक और आंकड़े दो प्रकार के। इस पर मंत्री भगत ने कहा कि लगातार कस्टम मिलिंग चालू है और आंकड़े लगातार अपडेट हो रहे हैं। आज वर्तमान तक की स्थिति में प्रदेश के संग्रहण केंद्रों में 3 लाख 76 हजार मीट्रिक टन धान शेष है। इस बीच पक्ष विपक्ष में खूब हंगाम हुआ वहीं भाजपा के शिवरतन शर्मा ने कहा कि सरकार कर्ज पर कर्ज ले रही है। और दूसरी तरफ हजारों करोड़ का धान सड़ रहा है और शासन को चूना लग रहा है।

जांच के लिए सदन की कमेटी बनाने की मांग

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक समेत भाजपा सदस्यों ने इस मामले में जांच के लिए सदन की तीन सदस्यीय कमेटी बनाने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रदेश में एक हजार से डेढ़ हजार करोड़ का धान सड़ चुका है इसलिए सदन की कमेटी से इसकी जांच कराई जाए। और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अजय चंद्राकर ने कहा कि ये ये महत्वपूर्ण मामला है। सदन की कमेटीई से जांच से कम कुछ भी उचित नही। इसके जवाब में मंत्री भगत ने कहा कि यदि 15 साल में चबूतरा व शेड बना देते तो ये हालात नहीं रहते। उन्होंने कहा कि अभी कस्टम मिलिंग चालू है। केंद्र के कारण देर हुई है। ये समाप्त होने पर वास्तविक स्थिति का पता चलेगा।

जैनम फेरोएलांस फैक्ट्री हादसे में अब तक दो श्रमिकों की मौत

■ क्रान्ति सेना के हस्तक्षेप से मिला उचित मुआवजा

■ मुआवजा में 12.50 लाख देने व बीमा संबंधित कार्यवाही जल्द पूरी करवाने की सहमति बनी

रायपुर। औद्योगिक क्षेत्र उरला स्थित जैनम फेरोएलांस फैक्ट्री में 15 दिसंबर को गैस पाइप फटने से बड़ा हादसा हो गया, काम कर रहे दो मजदूर शुभम बरेठ 21 वर्ष व योगेन्द्र 29 वर्ष बुरी तरह से झुलस गए। घटना के बाद दोनों मजदूर को रायपुर के कालड़ा नर्सिंग होम (बर्न यूनिट) में भर्ती कराया गया था। जहा इलाज के दौरान 20 दिसंबर को शुभम की मौत हो गई, बीते रात दूसरे मजदूर की भी मौत हो गई। भूपेन्द्र निर्मलकर ने बताया यह पहली घटना नहीं है, औद्योगिक क्षेत्र में रोज एक स्थानीय मजदूर कंपनी प्रबंधन की गलतियों के कारण अपनी जान गवां रहे है। फैक्ट्री द्वारा सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी कर मजदूरों को काम करवाया जाता है।

घटना की सूचना मिलते ही छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के लोग अस्पताल पहुंच गए, मृतक मजदूर के परिजनों से मुलाकात कर हादसा व फैक्ट्री प्रबंधक के गलती की जानकारी लिया। मृतक के परिजन व क्रान्ति सेना रायपुर के सेनानी मुआवजे के लिए फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जैनम फेरोएलांस के जिम्मेदार अधिकारी मुआवजे के लिए टालमटोल करने लगे, रायपुर शहर महामंत्री लक्की वर्मा व उनके साथी फैक्ट्री के सामने शव रखकर रातभर प्रर्दशन किया। हंगामे की खबर मिलते ही आस-पास थाना से पुलिस अधिकारी व फोर्स मौके पर आ पहुंचे। तब जाके प्रबंधन द्वारा दोनों मृतक के परिजनों को 12.50 लाख की राशि देने व बीमा संबंधित कार्यवाही जल्द से करवाने की बात कही। मुआवजे की घोषणा संबंधित कार्यवाही के लिए सहमति पत्र लिया गया।

शासकीय भूमि पर फैक्टरी के अवैध कब्जे को निगम ने हटाया

■ जोन 7 ने समता कालोनी विप्र भवन मार्ग पर किये गये अवैध कब्जे को हटाया

रायपुर। नगर निगम रायपुर के आयुक्त सौरभ कुमार के आदेशानुसार नगर निगम जोन 5 नगर निवेष विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर चंदन शर्मा के नेतृत्व एवं जोन नगर निवेष उपअभियंता सैय्यद जोहेब की उपस्थिति में जोन 5 के तहत भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67 के तहत भाठागांव में स्कूल के समीप शासकीय भूमि पर कब्जा जमाकर सार्वजनिक मार्ग को दबाकर अवैध अतिक्रमण करने वाले फैक्टरी संचालक पर कार्यवाही करते हुए स्थल पर लगभग 600 वर्गफीट क्षेत्र शासकीय भूमि को थ्रीडी व मजदूरों की सहायता से अवैध अतिक्रमण को तोडकर हटाया गया एवं सार्वजनिक मार्ग को कब्जे से मुक्त करवाते हुए लोगो के आवागमन हेतु खोला गया। इस प्रकार शासकीय भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त करवाने की कार्यवाही अभियान चलाकर की गई एवं प्राप्त जनषिकायतो का त्वरित निदान किया गया। इसी तरह आज नगर निगम जोन 8 नगर निवेष विभाग की टीम ने जोन 8 के तहत आने वाले रायपुरा में इंद्रप्रस्थ परिसर के समीप अवैध प्लाटिंग करने निजी भूमि पर लायी गयी मुरूम को थ्रीडी एवं डम्पर की सहायता से अभियान चलाकर स्थल पर जप्त करने की कार्यवाही जनषिकायत सही मिलने पर जोन 8 कमिष्नर अरूण ध्रुव के निर्देष पर नगर निवेष उपअभियंता सु रूचिका मिश्रा की उपस्थिति में की गई।

तैयारियां...

रायपुर। बैरनबाजार स्थित सेंट जोसेफ गिरजाघर में क्रिसमस की तैयारियां अंतिम चरणों में।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिली अतिरिक्त राशि :

■ बन रही है किसानों के समृद्धि का जरिया

रायपुर। राजीव गांधी किसान न्याय योजना प्रदेश में खेती- किसानी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ी पहल है। राज्य सरकार ने गत वर्ष खरीफ2019 से इस योजना की शुरूआत की थी जिससे किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल सके और उन्हें समर्थन मूल्य के अलावा बोनस राशि का फायदा भी मिल सके। राज्य के लगभग 19 लाख किसान इससे लाभावान्वित हो रहे हैं। जिला रायपुर के अभनपुर विकासखंड के ग्राम हसदा के किसान विसहत राम साहू ने बताया कि उन्हे इस योजना के तहत समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान की अंतर राशि का तीन किश्त प्राप्त हो चुका है। प्रति किश्त 31,570 की दर से अब तक उन्हे तीन किश्तों में 94 हजार 710 की राशि उनके बैंक खाते में जमा हो चुकी है और एक किश्त के तहत अभी भी उन्हे 31,570 की और राशि मिलनी शेष है। इस तरह राज्य के विसहत राम साहू जैसे लाखों किसान है जिन्हें धान की बिक्री से मिले अतिरिक्त राशि से जीवन में खुशहाली आयी है। साहू ने बताया कि उनके पास लगभग 14 एकड़ खेत है तथा वे संयुक्त परिवार में रहते हैं। परिवार के सदस्यों की संख्या 15 से अधिक है। उनका और परिवार का मुख्य व्यवसाय कृषि ही है। आय का और कोई अतिरिक्त जरिया नहीं है। परिवार की सभी जरूरतों तथा अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति कृषि द्वारा अर्जित आय से ही होती है। उनके संयुक्त परिवार में 8 बच्चे है तथा बच्चों की पढ़ाई - लिखाई एवं अच्छी शिक्षा भी परिवार का प्रमुख मुद्दा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत की जा रही सहायता उनके परिवार के लिए वरदान से कम नहीं हैं क्योंकि किश्तों के रूप में मिली राशि का सदुपयोग बच्चों के लालन-पालन एवं पढ़ाई - लिखाई में बेहतर तरीके से हो रहा है।

लघु वनोपजों के संग्रहण, प्रसंस्करण तथा विपणन संबंधी प्रशिक्षण सम्पन्न

■ छत्तीसगढ़ में अब समर्थन मूल्य पर हो रही 52 लघु वनोपजों की खरीदी

रायपुर। वन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए लघु वनोपजों के संग्रहण, प्रसंस्करण तथा विपणन के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। संघ के प्रबंध संचालक श्री संजय शुक्ला ने बताया कि इसमें राज्य के विभिन्न स्थानों से लगभग 6 हजार 800 हितग्राहियों ने भाग लेकर लाभ उठाया। छत्तीसगढ़ में वनवासियों के हित में ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में 52 लघु वनोपजों की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। कोरोना संकट के समय भी वनवासी हितग्राहियों को उनके वनोपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से राज्य में पहली बार वृहद स्तर पर कोरोना से बचाव के मापदण्डों को ध्यान में रखते हुए यह प्रशिक्षण दिया गया। इसमें राज्य के बस्तर संभाग तथा सरगुजा जैसे संभागों के दूरस्थ इलाके स्थित दक्षिण बस्तर (दंतेवाड़ा) जिले के नकुलनार, बीजापुर जिले के आवापल्ली तथा भोपालपट्टनम से भी महिला स्व-सहायता समूहों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस विषय विशेषज्ञों द्वारा लघु वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण, भुगतान प्रक्रिया, लघु वनोपज, बाजार मानक तथा उत्पाद आदि के बारे में जानकारी दी गई। इसके द्वितीय दिवस में हितग्राहियों को इमली, शहद, लाख पालन तथा प्रसंस्करण विधि के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि 52 लघु वनोपजों में साल बीज, हर्रा, ईमली बीज सहित, चिरौंजी गुठली, महुआ बीज, कुसुमी लाख, रंगीनी लाख, काल मेघ, बहेड़ा, नागरमोथा, कुल्लू गोंद, पुवाड़, बेल गुदा, शहद तथा फूल झाड़ू, महुआ फूल (सूखा) शामिल हैं। इसके अलावा जामुन बीज (सूखा), कौंच बीज, धवई फूल (सूखा), करंज बीज, बायबडिंग और आंवला (बीज सहित) तथा फूल ईमली (बीज रहित), गिलोय तथा भेलवा, वन तुलसी बीज, वन जीरा बीज, इमली बीज, बहेड़ा कचरिया, हर्रा कचरिया तथा नीम बीज शामिल हैं। इसी तरह कुसुमी बीज, रीठा फल (सूखा), शिकाकाई फल्ली (सूखा), सतावर जड (सूखा), काजू गुठली, मालकांगनी बीज तथा माहुल पत्ता शामिल है।

इसके अलावा पलास (फूल), सफेद मूसली (सूखा), इंद्रजौ, पताल कुम्हड़ा, तथा कुटज (छाल), अश्वगंधा, आंवला कच्चा, सवई घास, कांटा झाड़ू, तिखुर, बीहन लाख-कुसमी, बीहन लाख-रंगीनी, बेल (कच्चा), तथा जामुन (कच्चा) शामिल है।

विस में गुप्त का तैल चित्र लगाने की मांग

■ पुरखा के सुरता में घनश्याम सिंह गुप्त के साथ ठाकुर प्यारेलाल और पं. सुंदरलाल शर्मा का किया गया स्मरण

रायपुर। विधान सभा में संविधान पुरूष घनश्याम सिंह गुप्त का तैल चित्र लगाने और पाठ्य पुस्तक में उनकी जीवनी को शामिल करने की उठी मांग

लोकतांत्रिक विचार मंच द्वारा तीर्थराज पैलेस में पुरखा के सुरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जयंती के अवसर पर संविधान पुरूष दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त (22 दिसंबर) के साथ छत्तीसगढ़िया गौरव ठाकुर प्यारेलाल सिंह और पं. सुंदरलाल शर्मा (21 दिसंबर) की जीवनी, व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में शामिल लोगों को राजकुमार गुप्त ने बताया कि यह बात बहुत कम लोग जानते हैं कि पंजाब के भाषा आंदोलन का निराकरण करने में गांधी और नेहरू के साथ दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त की बड़ी भूमिका रही है, इसके अतिरिक्त 1930 से 1940 के बीच बने कानूनों में भी उनकी उल्लेखनीय भूमिका रही है, यह दुर्भाग्य है कि दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त के बारे में जितना अन्य राज्य के लोग जानते हैं छत्तीसगढ़ के लोग नहीं जानते हैं। कृषि उपज को आयकर से मुक्त कराना दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त की देन है। उन्होनें आगे बताया कि जब आयकर पर विचार विमर्श किया जा रहा था कृषि से आय को भी कर के दायरे में रखने का प्रयास हुआ था जिसका दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त ने पुरजोर विरोध किया था जिसके कारण ही आजतक कृषि पर आय कर से मुक्त है यह किसानों को दिया गया उनका सबसे बड़ा तोहफा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये आयोजक एड. राजकुमार गुप्त ने कहा कि 1940 में बैरिस्टर छेदीलाल के साथ मिलकर ठाकुर प्यारेलाल सिंह और पं. सुंदरलाल शर्मा ने त्रिपुरी कांग्रेस में छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव किया था, जिस प्रकार सरदार पटेल नें देश के रियासतों को एक करने का काम किया था उसी प्रकार ठाकुर प्यारेलाल सिंह नें छत्तीसगढ़ के रियासतों को एक करने का प्रयास किया था। उन्होने इस बात पर अफसोस जताया कि सवर्ण होने का खामियाजा दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त को भुगतना पड़ा है और उन्हे वह सम्मान नहीं मिला जिनके वह हकदार थे।

कार्यक्रम में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करके विधान सभा में संविधान पुरूष दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त का तैल चित्र लगाने और प्रदेश के स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में उनकी जीवनी को शामिल करने की मांग की गई

कार्यक्रम को कल्याण सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया, सुभायुदास, बृजेंद्र तिवारी, सुमीत घोष, पूरनलाल साहू, अक्षय साहू आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे।

संपादकीय

अलगाववाद के मुंह पर तमाचा

जम्मू कश्मीर से 370 के खात्मे के बाद हुए पहले डीडीसी चुनाव में जम्मू कश्मीर की जनता ने अलगाववादी ताकतों के मंहु पर करारा तमाचा मारा है। छः चरणों में हुए इस चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने के लिए पाकिस्तान ने हर संभव कोशिश की लेकिन भारतीय सेना और सुरक्षा बलों की सतर्कता के चलते आतंकवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे पाएं। पहली बार कश्मीर में बगैर किसी हिंसा के शांतीपूर्ण चुनाव हुए। इस चुनाव के प्रति जम्मू कश्मीर की जनता के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वहां 51 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ जबकि पूर्व में हुए चुनावों में मतदान का प्रतिशत बेहद कम हुआ करता था। डीडीसी के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सर्वाधिक 75 सीटें जीती है, दूसरे स्थान पर फारूख अब्दुल्ला की पार्टी नेश्नल कांफ्रेंस रही है जिसे 69 सीटें मिली है, तीसरे स्थान पर 50 सीटें जीतने वाले नीर्दलीय रहे है, महबूबा मुफ्ति की पार्टी पीडीपी को मात्र 27 सीटें मिली है वहीं कांग्रेस को 23 सीटों पर संतोष करना पड़ा है। गौरतलब है कि पहले तो नेश्नल कांफ्रेंस और पीडीपी ने इस चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की थी लेकिन बाद में ये दोनों धूर विरोधी दल एक हो गए और अपने साथ पांच अन्य पार्टियों को शामिल कर के गुपकार गठबंधन बनाया और सीटों का तालमेल बिठाया जिसकी वजह से गुपकार गठबंधन को अच्छी खासी सीटें मिल गई अन्यथा इनकी हालत और ज्यादा खराब होती। डीडीसी के चुनाव परिणामों का संदेश साफ है कि वहां की जनता ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अपना विश्वास जताया है और अलगाववादी ताकतों को नकार कर राष्ट्रवाद के पक्ष में मतदान किया है। इसी वजह से भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी है। डीडीसी के चुनाव ईवीएम से न होकर बैलेट पेपर के माध्यम से कराए गए थे इसलिए अब इन चुनाव परिणामों को लेकर विपक्षी दल चुनाव में गड़बड़ी का आरोप भी नहीं लगा सकते। बहरहाल जम्मू कश्मीर में बुलेट पर बैलेट भारी पड़ा है और अब वहां विकास के नए द्वार खुलने की संभावना बढ़ी है।

विचार

मोतीलाल वोराः बड़े आदमी

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

20 दिसंबर को कांग्रेस के नेता श्री मोतीलाल वोरा का 93 वाँ जन्म दिन था और 21 दिसंबर को उनका निधन हो गया। वे न तो कभी राष्ट्रपति बने और न ही प्रधानमंत्री लेकिन क्या बात है कि लगभग सभी राजनीतिक दलों ने उनके महाप्रयाण पर शोक व्यक्त किया ? यह ठीक है कि वे देश या कांग्रेस के किसी बड़े (सर्वोच्च) पद पर कभी नहीं रहे लेकिन वे आदमी सचमुच बड़े थे। उनके- जैसे बड़े लोग आज की राजनीति में बहुत कम हैं। वोराजी जैसे लोग दुनिया के किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र में आदर्श नेता की तरह होते हैं। वे अपनी पार्टी और विरोधी पार्टियों में भी समान रुप से सम्मानित और प्रिय थे। वे नगर निगम के पार्षद रहे, म.प्र. के राज्यमंत्री रहे, दो बार वहीं मुख्यमंत्री बने, उ.प्र. के राज्यपाल बने और चार बार राज्यसभा के सांसद रहे। कांग्रेस पार्टी के वे 18 वर्ष तक कोषाध्यक्ष भी रहे। असलियत तो यह कि ज्यादातर नेताओं की तरह उनमें न तो अहंकार था और न ही पदलिप्सा। उन्हें जो मिल जाए, उसी में वे खुश रहते थे। उनकी दीर्घायु और सर्वप्रियता का यही रहस्य है। उनका-मेरा संबंध पिछले लगभग 60 वर्षों से चला आ रहा था। वे रायपुर में सक्रिय थे और मैं इंदौर में। मैं कभी किसी दल में नहीं रहा लेकिन वोराजी डॉ. राममनोहर लोहिया की संयुक्त समाजवादी पाटी के कार्यकर्ता थे। मुझे जब अखिल भारतीय अंग्रेजी हटाओ सम्मेलन का मंत्री बनाया गया तो मैंने वोराजी को म.प्र. का प्रभारी बना दिया। जब मैंने नवभारत टाइम्स में काम शुरु किया तो उन्हें अपना रायपुर संवाददाता बना दिया। वे इतने विनम्र और सहजसाधु थे कि जब भी मुझसे मिलने आते तो मेरे कमरे के बाहर चपरासी के स्टूल पर ही बैठ जाते थे। मुख्यमंत्री के तौर पर वे बिना सूचना दिए ही मेरे घर आ जाते थे। 1976 में मैंने जब हिंदी पत्रकारिता का महाग्रंथ प्रकाशित किया तो उन्होंने आगे होकर सक्रिय सहायता की। स्वास्थ्य मंत्री के तौर पर उन्होंने पत्रकारों के इलाज में सदा फुर्ती दिखाई। वे उम्र में मुझसे काफी बड़े थे लेकिन राज्यपाल बन जाने पर भी मुझे भरी सभा में 'बॉस' कहकर संबोधित करते थे। वे मेरे संवाददाता थे और मैं उनका सम्पादक लेकिन मैं हमेशा उनके गुण एक शिष्य या छोटे भाई की तरह ग्रहण करने की कोशिश करता था। वोराजी को मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि!

टेक ज्ञान-

रियलमी वॉच एस सीरीज लॉन्च

नई दिल्ली। Realme ने आज भारत में अपने प्रॉड्क्ट्स की रेंज को बढ़ाते हुए Realme Watch S सीरीज और Buds Air Pro Master Edition को लॉन्च कर दिया। रियलमी वॉच S प्रो की कीमत 9,999 रुपये और वॉच S की कीमत 4,999 रुपये है। वॉच के मास्टर एडिशन की कीमत कंपनी ने 5,999 रुपये रखी है और इसकी सेल 28 दिसंबर से शुरू होगी। बात अगर रियलमी बड्स एयर प्रो मास्टर एडिशन की करें तो इसकी कीमत 4,999 रुपये है। बड्स एयर प्रो मास्टर एडिशन की सेल 8 जनवरी दोपहर 12 से शुरू होगी। रियलमी वॉच S प्रो में 454×454 पिक्सल रेजॉलूशन के साथ 1.39 इंच का AMOLED ऑल्वेज-ऑन डिस्प्ले दिया गया है।

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी- जन्मदिवस विशेष

एक स्वर में सभी कहते थे, अटलजी जैसा कोई नही

प्रभात झा
(पूर्व राज्य सभा सांसद)

'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी भारत के एक बार तेरह दिन, दूसरी बार तेरह महीने और तीसरी बार साढ़े चार वर्ष प्रधानमंत्री रहे। अटलजी प्रधानमंत्री बने यह सिर्फभाजपा की नहीं बल्कि पूरे भारत की इच्छा थी। वर्षों तक विपक्ष के नेता रहते हुए भारत का अनेकों बार भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान अपनी वाणी से प्रत्येक भारतीयों को जहां जोड़ा और भारत को समझा वहीं सदन के भीतर सत्ता में बैठे लोगों पर मां भारती के प्रहरी बनकर सदैव उनकी गलतियों को देश के सामने रखते रहे। भारत की राजनीति में विपक्ष में रहते हुए जितने लोकप्रिय और सर्वप्रिय अटलजी रहे प्रधानमंत्री रहते हुए भी पण्डित जवाहरलाल नेहरू उतने लोकप्रिय नहीं हुए। अटलजी के आचरण और वचन में लयबद्धता और एकरूपता थी। वे जबतक सदन में विपक्ष या सत्ता में रहे तब तक सदन के फ्राजनैतिक हीरो'' अटलजी ही रहे। इस बात को हम नहीं बल्कि तत्कालीन अनेक वरिष्ठ नेतागण स्वयं कहते थे। 'अटलजी' थे तो जनसंघ और आगे भाजपा के, परंतु उन्हे सभी दलो के लोग अपना मानते थे। उनकी ग्राह्यता और स्वीकार्यता तो इसी से पता लग जाती है कि उन्हे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री कांग्रेस के नेता पी. वी. नरसिम्हाराव ने सन् 1994 में जब प्रतिपक्ष का नेता रहते हुए जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत के प्रतिनिधि मंडल के नेता के रूप में भेजा था। जबकि ऐसी बैठकों में भारत का प्रधानमंत्री या अन्य ज्येष्ठ मंत्री ही नेता के रूप में जाते हैं, इस घटना से सारा विश्व चकित था। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिराजी हों या स्व.चन्द्रशेखर सभी उन्हे संसद की गरिमा और प्रेरणा मानते हुए सम्मान करते थे।भारत के राजनैतिक विश्लेषकों का मानना था कि अटलजी अगर दस वर्ष पूर्व भारत के प्रधानमंत्री बन गए होते तो भारत का भविष्य कुछ और होता। आजादी के दूसरे दिन जो प्राथमिकताएं तय होनी थी, वह अटलजी के प्रधानमंत्री बनने तक तय नहीं हुई थी। बावजूद इसके कि अटलजी कवि हृदय और प्रखर पत्रकार रहते हुए अपने कार्यकाल में जो ऐतिहासिक और कठोर निर्णय लिए उसे भारत के राजनैतिक जीवन दर्शन में सदैव याद रखा जाएगा।

पिछले सात दशक की राजनीति में भारत में एक व्यक्तित्व उभरा और देश ने उसे सहज स्वीकार किया। जिस तरह इतिहास घटता है, रचा नहीं जाता; उसी तरह नेता प्रकृति प्रदत्त प्रसाद होता है, वह बनाया नहीं जाता बल्कि पैदा होता है। प्रकृति की ऐसी ही एक रचना का नाम है पं. अटल बिहारी वाजपेयी। अटलजी के जीवन पर, विचार पर, कार्यपद्धति पर, विपक्ष के नेता के रूप में, भारत के जननेता के रूप में, विदेश नीति पर, संसदीय जीवन पर , उनकी वक्तृत्व कला पर, उनके कवित्व रूपी व्यक्तित्व पर, उनके रसभरे जीवन पर, उनकी वासंती भाव - भंगिमा पर, जनमानस के मानस पर अमिट छाप, उनके कर्तृत्व पर एक नहीं अनेक लोग शोध कर रहे हैं । आज जो राजनीतिज्ञ देश में हैं, उनमें अगर किसी भी दल के किसी भी नेता से किसी भी समय अगर सामान्य सा सवाल किया जाए कि उन्हें अटलजी कैसे लगते थे? तो सर्वदलीय भाव से एक ही उत्तर आएगा - ' उन जैसा कोई नहीं था !

संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी में भाषण

सन 1977 में आपात काल हटने के बाद जब जनता पार्टी की सरकार बनी, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी भाई देसाई ने उन्हें अपने काबीना मे विदेश मंत्री बनाया था। उस दौरान की एक घटना आज भी भारत ही नहीं विश्व भर में लोगों के जहन में ताजा है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जब विदेश मंत्री के नाते अटलजी पहुंचे और भारत की राष्ट्रभाषा हिंदी में सम्बोधन किया तो पूरा भारत झूम उठा था वे जब जहां और जैसे भी रहे सदैव भारत की मर्यादा और भारतमाता को वैभवशाली बनाने का कार्य किया।

``पोखरण विस्फोट''

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का मानना था कि हमें हमारी सुरक्षा का पूरा अधिकार है। इसी के तहत मई 1998 में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था। वह 1974 के बाद भारत का पहला परमाणु परीक्षण था। 11 मई 1998 यानी आज से 22 साल पहले राजस्थान के पोखरण में एक जोरदार धमाका हुआ और धरती हिल उठी। ये कोई भूकंप नहीं था, बल्कि हिंदुस्तान के शौर्य की धमक थी और भारत के परमाणु पराक्रम की गूंज थी। इस परीक्षण से भारत एक मजबूत और ताकतवर देश के रूप में दुनिया के सामने उभरा। दुनिया की प्रतिक्रियाएं स्वाभाविक थीं, लेकिन अब भारत के परमाणु महाशक्ति बनने का मार्ग प्रशस्त हो चुका था और वह दिन लदने जा रहे थे जब परमाणु क्लब में बैठे पांच देश अपनी आंखों के इशारे से दुनिया की तकदीर को बदलते थे। पोखरण ने हमें दुनिया के सामने सीना तानकर चलने की हिम्मत दी, हौसला दिया।

पोटा कानून

13 दिसंबर, 2001 को आतंकवादियों द्वारा भारतीय संसद पर हमला किया गया। इस हमले में कई सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। आतंरिक सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने की मांग हुई और अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में सरकार ने पोटा क़ानून बनाया, अत्यंत सख्त आतंकवाद निरोधी कानून था, जिसे 1995 के टाडा क़ानून के मुक़ाबले बेहद कड़ा माना गया था। हालांकि इस क़ानून के बनने के बाद ही इसको लेकर आलोचनाओं का दौर शुरू हो गया कि इसके ज़रिए सरकार विरोधियों को निशाना बना रही है। महज दो साल के अंदर इस क़ानून के तहत 800 लोगों को गिरफ़्तार किया गया। और क़रीब 4000 लोगों पर मुक़दमा दर्ज किए गए। उस दौरान वाजपेयी सरकार ने 32 संगठनों पर पोटा के तहत पाबंदी लगाई। 2004 में जब यूपीए सरकार सत्ता में आई तब ये क़ानून निरस्त कर दिया गया।

लाहौर बस सेवा की शुरुआत

अटलजी हमेशा पाकिस्तान से बेहतर रिश्ते की बात करते थे। उन्होंने पहल करते हुए दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारने की दिशा में काम किया। अटल बिहारी वाजपेयी के ही कार्यकाल में फरवरी, 1999 में दिल्ली-लाहौर बस सेवा की शुरूआत हुई थी। पहली बस सेवा से वे खुद लाहौर गए और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के साथ मिलकर लाहौर दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। वाजपेयी जी अपनी इस लाहौर यात्रा के दौरान मीनार-ए-पाकिस्तान भी गए। तब तक भारत का कोई भी कांग्रेसी प्रधानमंत्री मीनार-ए-पाकिस्तान जाने का साहस नहीं जुटा पाए थे। मीनार-ए-पाकिस्तान वो जगह है जहां पाकिस्तान को बनाने का प्रस्ताव 23 मार्च, 1940 को पास किया गया था।

जाति आधारित जनगणना पर रोक

1999 में अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार के बनने से पहले एचडी देवगौड़ा सरकार ने जाति आधारित जनगणना कराने को मंजूरी दे दी थी जिसके चलते 2001 में जातिगत जनगणना होनी थी। मंडल कमीशन के प्रावधानों को लागू करने के बाद देश में पहली बार जनगणना 2001 में होनी थी, कमीशन के प्रावधानों को ठीक ढंग से लागू किया जा रहा है या नहीं इसे देखने के लिए जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग जोर पकड़ रही थी। न्यायिक प्रणाली की ओर से बार-बार तथ्यात्मक आंकड़ों को जुटाने की बात कही जा रही थी ताकि कोई ठोस कार्य प्रणाली बनाई जा सके। तत्कालीन रजिस्टार जनरल ने भी जातिगत जनगणना की मंजूरी दे दी थी। लेकिन वाजपेयी सरकार ने इस फ़ैसले को पलट दिया। जिसके चलते जातिवार जनगणना नहीं हो पाई।

स्वर्णिम चतुर्भुज और ग्रामीण सड़क परियोजना

प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए सड़कों का जाल बिछाने का अहम फैसला लिया था, जिसे स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना नाम दिया गया। उन्होंने चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली और मुबंई को जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना लागू किया। जिसका लाभ आज पूरे देश को मिल रहा है। आज उन्ही सड़कों के कारण आम आदमी का एक राज्य से दूसरे राज्य जाना आसान हुआ है। बड़े महानगरों के अलावा ग्रामीण इलाकों के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना लागू की। इस योजना के जरिए सभी गांवों में अच्छी सड़क बनी। जिससे वहां यातायात सुगम हुआ और ग्रामीणों को व्यापार के अच्छे अवसर मिले।

दूरसंचार क्रांति

देश में दूरसंचार क्रांति लाने और उसे गांव-गांव तक पहुचाने का श्रेय अटल बिहारी वाजपेयी को ही जाता है। वाजपेयी सरकार ने 1999 में बीएसएनएल के एकाधिकार को खत्म कर नई दूरसंचार नीति लागू की। नई नीति के जरिए लोगों को सस्ती कॉल दरें मिली और मोबाइल का चलन बढ़ा। इस फैसले के बाद ही टेलीकॉम ऑपरेटर्स ने मोबाइल सेवा शुरू की।

8 प्रतिशत से अधिक पहुंची थी आर्थिक वृद्धि दर

अटलजी की सबसे बढ़ी उपलब्धि आर्थिक मोर्चे पर रही। उन्होंने 1991 में नरसिंहराव सरकार के दौरान शुरू किये गए आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाया। 2004 में जब मनमोहन सिंह ने वाजपेयी सरकार के बाद सत्ता संभाली तब अर्थव्यवस्था की तस्वीर बेहद मजबूत थी। जीडीपी वृद्धि दर 8 प्रतिशत से अधिक थी, मंहगाई दर 4 प्रतिशत से कम थी और विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड स्तर पर भरा था।

सर्व शिक्षा अभियान

6 से 14 साल के बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने का अभियान 'सर्व शिक्षा अभियान' अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में ही शुरू किया गया था। उनके इस क्रांतिकारी अभियान से साक्षरता और शिक्षा दर में अभूतपूर्व रूप से बढ़ोतरी हुई। लोगों ने पढ़ाई को महत्व दिया और अपने बच्चों को काम पर भेजने के बजाये पढ़ाई के लिए भेजना आरंभ किया। वाजपेयी सरकार के इस अभियान ने व्यापक सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया।

जब डॉ. अब्दुल कलाम को भारत का राष्ट्रपति बनाया

नेहरूजी के जमाने से जनसंघ और वर्तमान की भाजपा, कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों ने साम्प्रदायिकता का आरोप लगाया। अटलजी ने मिसाइल मैन प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल कलाम को भारत का राष्ट्रपति बनाकर साम्प्रदायिकता का आरोप लगाने वालों को करारा जवाब दिया। अटलजी ने कभी भी 'भारतमाता' को अपनी आंखों से ओझल नहीं किया। वे जीए तो भारत मां के लिए और मरे भी तो भारत मां के लिए। भारत मां के ऐसे महान सपूत और अंतर्राष्ट्रीय व्यक्ति को भारतरत्न देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सबसे बड़े सम्मान के साथ न्याय किया। इसके साथ ही जन-जन में यह विश्वास जगा कि भारत में कृतत्व को प्रणाम किया जाता है। इतना ही नहीं दिल्ली मे 'सदैव अटल' समाधि बनाकर संपूर्ण राष्ट्र की ओर से जो श्रद्धांजलि दी गई वह सदैव स्मरणीय रहेगा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कोई भी फैसला

कोई भी फैसला लेना आसान होता है मगर उसपर टिके रहकर नियमित दिनचर्या में शामिल करना कठिन होता है। और यही कठिनता जब आदत बनने लगती है तो जीने के एक अलग ही आनंद की अनुभूति का अनुभव भी होने लगता है। सुबह की नींद से समझौता आसान नहीं जब रात आपसे गुफ्तगू करती हो आपकी नींदों पर राज करते हुए। खैर अभी तो शुरुआत है।

- अनामिका चक्रवर्ती

ख्यालों में तुम

ख्यालों में तुम ख्वाबों में तुम यादों में तुम मेरी आश में तुम सांसों में तुम मेरी बातों में तुम मेरे साथ में तुम लेखन में तुम पाठन में तुम सोच भी तुम मेरे विचार भी तुम जहाँ देखूं तुम्हें तुम ही हो तुम एक तुम और तुम बस तुम ही तुम।

- ललित उपाध्याय

ख़ास पाती | ### खिले थे मेरे बागीचे मुस्कान

खिले थे मेरे बागीचे मुस्कान सोचा आज वही ओढ़ लूँ चेहरा खिल तो गया पर बदन काँटों से भर गया अच्छा ही तो है न काँटों का बदन हो तो कोई लूट ना पाएगा मुस्कान मेरी फिर चाहे जीतनी भी फैले खुशबु कोई तोड़ न पाएगा मुझे हाँ मुझे मैं भी तो हूँ ना फूल कोई हर कोई तोड़ने को हाथ बढ़ाएगा काँटों से उलझकर लौट जाएंगे हाँ काँटे ही है हमारे रक्षकवो चाहे भाई बाप हो या हो अपना कठोर मन या फिर कोई प्यारा दोस्त फूलों को काँटे और मुस्कानो को दोस्त बचाए रखतें हैं।

- प्रीती श्रीवास्तव

लतरी की तरह पसरना और लिपट

लतरी की तरह पसरना और लिपट कर मुझसे झाड़ देना मेरे मन के उदासियों के दीमक और पढ़ना मेरे आँखों की अभिव्यक्ति और फिर ले लेना मुझे अपने आलिंगन में ताकि हम दोनों पढ़ सके स्पर्श के अनुवाद मेरे मन में तरंगित कर देना वीणा सी मधुर ध्वनि , फिर देखना तुम मेरे चेहरे को और बिन लेना अपनी आँखों से मेरी आँखों के अहकते अरमां ताकि तुम्हारा सानिध्य पाकर नीले आकाश तले खिल उठे ठूंठ मन पर कोई फूल पूरी तरह ......!

-- आकाश कुशवाहा

परीक्षा सब्र की मेरे कभी तुम

परीक्षा सब्र की मेरे कभी तुम ठान मत लेना तुम्हारे नाम की लब पर सजी मुस्कान मत लेना तुम्हारे हिज्र में ये ज़िन्दगी बदतर हुई सुन लो तुम्ही हो जान मेरी मुझसे मेरी जान मत लेना

- नीरू श्रीवास्तव

बड़ा सब्र दिल में घर कर

बड़ा सब्र दिल में घर कर जाता जब कोई अपना भरोसा तोड़ जाता बिखरा-बिखरा हर लम्हा.. तिनका-तिनका वो यादें... आँखों में नमी का घेरा कर जाता जब कोई बस भरोसा तोड़.. खुद में खुश हो जाता.. नामालूम ये वक़्त कहाँ से सिमट कहाँ खुद के साथ ले जाता... भरोसा तोड़ने वाला शख्श सामने... सब्र रखने वालों के पास एक ख़ामोशी छोड़ जाता.... ज़िंदगी की सीख वक़्त के साथ मिल भरोसा तोड़ने वालों से दूर चला जाता। **- नंदिता तनूजा**

शब्द स्वयं बनाते हैं अपना भविष्य

शब्द स्वयं बनाते हैं अपना भविष्य वर्तमान की कमान से निकलने के पश्चात, शब्द मात्र शब्द नहीं वरन स्वयं हम ही हैं! शब्दों की गति एवं लयबद्धता में मिश्रित है हमारी प्रत्येक भावना तथा शब्दों के ही हाथ है बागडोर भावनाओं रुपी रथ' को सही दिशा देने की !!

- प्रवीण माटी

करे सजनी तेरा ही इन्तजार आओ

करे सजनी तेरा ही इन्तजार आओ साजन !! ये दो कदम मिल तुम औ हम चल ले साथ !! मौसम प्यारा भाये है मनवा को यही नजारा !! प्रातः की बेला झूमे देख मनवा ये अलबेला !!

- सीमा राय द्विवेदी

वो मुझपर मरती है तभी तो मैं

वो मुझपर मरती है तभी तो मैं जिन्दा हूँ । दिल रखा है उसका वो बन्दी, मैं बन्दा हूँ । सुख , दुख में उड़ान जानो कि मैं परिंदा हूँ । सीखा है हालातों से फिर कहां शर्मिन्दा हूँ ।

- सुरेश वैष्णव

QUIZ TIME

1) वर्तमान में राज्य में किस उधनिकी फसल का रकबा सर्वाधिक है?
2) अहिंसा एवं गौरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु राज्य शासन द्वारा प्रदान किए जाने 'यति यतन लाल' अहिंसा एवं गौरक्षा सम्मान के अंतर्गत सम्मान की राशि कितनी होती है? (2 लाख / 1 लाख)
3) पूरक पोषण आहार कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल है-
4) छत्तीसगढ़ को कितने कृषि जलवायु क्षेत्र में बांटा गया है?
5) छत्तीसगढ़ी व्यंजन का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) धान (2) 2 लाख (3) 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चे, गर्भवती, शिशुवती माताएं और किशोरी बालिकाएं (4) 4 (5) फरा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1524 -पुर्तगाली नाविक और खोजकर्ता वास्को डि गामा का कोचीन में निधन। 1715 -स्वीडन की सेना ने नार्वे पर कब्जा किया। 1798 -रूस और ब्रिटेन के बीच दूसरे फ्रांस विरोधी गठबंधन पर हस्ताक्षर। 1894 -कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहले मेडिकल कांफ्रेस का आयोजन किया गया। 1921 - रविन्द्रनाथ टैगोर ने शांति निकेतन में विश्व भारती विश्वविद्यालय की स्थापना की। 1954 -दक्षिण पूर्वी एशियाई देश लाओस ने स्वतंत्रता हासिल की। 1962 - तत्कालीन सोवियत रूस ने नोवाया जेमल्या में परमाणु परीक्षण किया। 1967 -चीन ने लोप नोर क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया। 1973 -ई वी रामास्वामी नाइकर का तमिलनाडु के वैल्लोर में निधन। 1989 -देश का पहला अम्यूजमेंट पार्क 'एसेल वर्ल्ड' महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में खोला गया। 2000 -प्रसिद्ध शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद विश्व चैंपियन बने। 2002 - दिल्ली मेट्रो का शुभारंभ शहादरा तीस हज़ारी लाईन से हुआ। 2003 - अमेरिकी विदेश विभाग ने 30 जून, 2004 को इराक में सत्ता सौंपने की तैयारी शुरू की। 2005 - यूरोपीय संघ ने 'खालिस्तान जिन्दाबाद फ़ोर्स' नामक संगठन को आतंकी सूची में शामिल किया। 2006 - शिखर बैठक में फ़िलीस्तीन को इजरायल कई सुविधाएं देने के लिए तैयार। 2007 - मंगल ग्रह के रहस्यों की खोज करने के लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी यान मार्स ने मंगल ग्रह की कक्षा में अपने चार हज़ार चक्कर पूरे किये।

कंगना रनौत के बंगले पर बुलडोजर चलाने के मामले में बीएमसी कमिश्नर को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

मुंबई। ऐक्ट्रस कंगना रनौत और बृहन्मुंबई नगरपालिका (बीएमसी) की तकरार के के मामले में बीते महीने बॉम्बे हाई कोर्ट से झटका मिलने के बाद अब महाराष्ट्र के मानवाधिकार आयोग ने बीएमसी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल को पेश होने के लिए तलब किया है। मानवाधिकार आयोग ने कंगना रनौत की प्रॉपर्टी पर बीएमसी द्वारा बुलडोजर चलाए जाने के मामले में एक शिकायत के बाद कमिश्नर को यह नोटिस भेजा है। ऐसा माना जाता रहा है कि इकबाल सिंह चहल के निर्देश पर ही बीएमसी ने कंगना के दफ्तर में तोड़फोड़ की थी।

सितंबर महीने में तोड़ा था कंगना का दफ्तर : इसी साल सितंबर में बीएमसी की ओर से बांद्रा वेस्ट के पाली हिल रोड पर स्थित कंगना रनौत के दफ्तर के कथित अवैध निर्माण की तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई थी। उनके दफ्तर को तोड़ने के लिए जेसीबी और हथौड़े के साथ बीएमसी की टीम पहुंची थी। बीएमसी ने कंगना को अवैध निर्माण के संबंध में नोटिस भेजा था और महज एक दिन में जवाब मांगा था। जवाब न मिलने की स्थिति में बीएमसी ने अगले दि ऑफिस में तोड़-फोड़ की गई थी, जिसकी वजह से इसे बदले की कार्रवाई बताया जा रहा था।

अनिल कपूर ने पिता को याद कर लिखा खास संदेश, आज भी मेरे दिल में रहते हैं...



बॉलीवुड में 40 साल से ज्यादा का सफर तय कर चुके दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर ने पिता सुरिंदर कपूर की 95वीं जयंती पर बेहद भावुक संदेश लिखा है। 'जुग जुग जियो' मूवी की शूटिंग कर रहे अनिल कपूर ने पिता को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'ऐसा लगता है कि जैसे मेरे पिता अब भी मेरे भीतर हैं।' अनिल कपूर ने लिखा, 'ऐसा लगता है कि पिता आज भी मेरे अंदर बसे हुए हैं। उन्होंने जो सीख दी और जो प्यार दिया, खासतौर पर मुझे जो लॉयल्टी, ईमानदारी और सहिष्णुता जैसे गुण दिए, वे आज भी उनके रूप में मेरे अंदर हैं।'

इससे आगे अनिल कपूर ने लिखा, 'उन्होंने हमेशा अपने बच्चों पर भरोसा किया और उन्हें अपनी आवाज के मुताबिक अपना करियर चुनने की आजादी दी। कभी उनकी जिंदगी को डिक्टेट करने की कोशिश नहीं की।

नेहा कक्कड़ ने शेयर किया बेबी बंप के साथ नया वीडियो, मजे ले रहे लोग

नई दिल्ली। सिंगर नेहा कक्कड़ ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपने पति रोहनप्रीत के साथ गोलगप्पे खाती दिख रही हैं। इस वीडियो में नेहा कक्कड़ ने एक फेक बेबी बंप लगा रखा है। इस वीडियो में नेहा कक्कड़ और उनके पति रोहनप्रीत सिंह मजे लेते दिख रहे हैं। नेहा कक्कड़ हंसते हुए अपने बेबी बंप पर हाथ रखकर कहती हैं कि यह किक मार रहा है। वीडियो में पानी-पूरी बेचने वाला शख्स रोहनप्रीत और नेहा कक्कड़ को धन्यवाद देता सुनाई दे रहा है। बता दें कि पिछले दिनों बेबी बंप के साथ नेहा कक्कड़ ने एक तस्वीर शेयर की थी। इस फोटो में उनके पति रोहनप्रीत सिंह भी नजर आ रहे थे। नेहा कक्कड़ ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा है, 'ख्याल रख्या कर गानो को मिल रहे आपको प्यार के लिए शुक्रिया। हम पहले नंबर पर ट्रेंड कर रहे हैं।' इसके आगे उन्होंने लिखा है, 'कैसा फिल्टर लगा दिया यहां।' इस वीडियो को रोहनप्रीत ने भी अपने अकाउंट से शेयर किया है। रोहनप्रीत ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, 'अभी बात हुई इससे। मेरे बाबू को किक मार रहा है।' इस वीडियो को लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी का गाना 'जा झार के' हुआ रिलीज

नई दिल्ली। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी के फैन्स के लिए बड़ी खबर है। उनका नया गाना 'जा झार के' रिलीज हो गया है। रानी चटर्जी ने खुद इस गाने के रिलीज के बारे में इंस्टाग्राम पर जानकारी दी है। यही नहीं गाने के वीडियो का एक हिस्सा उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी शेयर किया है। इस गाने को खुद रानी चटर्जी ने ही गाया है, जबकि उनके साथ आदित्य मोहन ने एक्टिंग की है। इंस्टाग्राम पर गाने के रिलीज होने की जानकारी देते हुए रानी चटर्जी ने लिखा है, 'मेरा नया गाना (जा झार के) रिलीज हो गया है। आप लोग स्टोरी में जाएं और गाने को सुनने के लिए Swipe Up करें। मेरे नए गाने को शेयर और एंजॉय करें। रानी चटर्जी अकसर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। इस प्लेटफॉर्म पर उन्हें 10 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं, जबकि वह सिर्फ 31 लोगों को ही फॉलो करती हैं। ससुरा बड़ा पईसावाला, सीता, देवरा बड़ा सतावेला और रानी नंबर 786 जैसी भोजपुरी फिल्मों में एक्टिंग कर चुकीं रानी चटर्जी ने करीब 50 फिल्मों में अभिनय किया है। भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी, पवन सिंह समेत तमाम दिग्गज एक्टर्स के साथ वह अभिनय कर चुकी हैं। रानी चटर्जी ने भोजपुरी सिनेमा के अलावा रियल्टी शो खतरों के खिलाड़ी में भी हिस्सा लिया था।

स्पार्क 6 गो: टेक्नो 2 अपनी सबसे किफायती 4जीबी डिवाइस के साथ

- **10 हजार रुपये से कम कीमत वाले वर्ग के मोबाइल बाजार में अपनी लीडरशिप को मजबूत किया**
- **स्पार्क 6 गो फ्लिपकार्ट पर बिक्री के लिए 25 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से उपलब्ध होगा**

नई दिल्ली। ग्लोबल प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रैंड, टेक्नो ने आज टेक्नोज स्पार्क 6 गो के लॉन्च की घोषणा की। यह भारत में कंपनी की लोकप्रिय स्पार्क सीरीज का 4जीबी + 64जीबी स्टोरेज का पहला सबसे किफायती फोन है। स्पार्क सीरीज की सफलता से उत्साहित होकर और क्रिसमस की खुशी, उत्साह और उमंग के जज्बे के बीच टेक्नोस ब्रैंड ने डिजिटल युग के उन तेज रफ्तार लोगों के स्मार्टफोन के अनुभव को और बेहतर बना दिया है, जो किफायती दाम पर स्मार्टफोन में टॉप फीचर्स और विशेषताएं चाहते हैं।

स्पार्क सीरीज के दूसरे फोन में मौजूद वह सारे फीचर्स और विशेषताएं टेक्नोफ स्पार्क 6 गो में हैं, जिन्होंने भारतीय उपभोक्ताओं के बीच टेक्नो को लोकप्रिय बनाया है। नए टेक्नोन स्पार्क 6 गो में 6.52 इंच का एचडी डॉट-नॉच डिस्प्ले है। फोन में 5000 एमएएच की जबर्दस्त बैटरी है। यह 13 एमपी के ड्यूल रियर कैमरे से लैस है, जिसमें ड्यूल फ्लैशलाइट है, जिससे कम रोशनी में तस्वीरें काफी अच्छी और साफ आती हैं। इसमें माइक्रो स्लिट फ्रंट फ्लैश के साथ 8 एमपी का एआई सेल्फी कैमरा भी दिया गया है।

ट्रांसियॉन इंडिया के सीईओ श्री अरिजीत तालापात्रा ने कहा, 2020 में स्पार्क सीरीज के 6 से 10 हजार रुपये की कीमत वाले वर्ग में स्मार्टफोन की सफलता की बदौलत कंपनी ने 2020 में अभूतपूर्व विकास किया, जिसका उपभोक्ताओं से काफी अच्छा रेस्पॉन्स मिला। स्पार्क सीरीज के स्मार्टफोन हाउस से निकला स्पार्क 6 गो ऐसा ही जबर्दस्त प्रॉडक्ट है, जो 10 हजार से कम कीमत वाले स्मार्टफोन की रेंज में टेक्नो, की लीडरशिप को नए मुकाम पर पहुंचाएगा। दूसरी कंपनी के स्मार्टफोन की तुलना में इसमें काफी कम कीमत पर यूजर्स को ज्यादा स्टोरेज की सुविधा मिलती है। नए स्मार्टफोट की पेशकश कंपनी के उस मकसद को आगे बढ़ाएगी, जिसमें कंपनी उन उपभोक्ताओं की जरूरत को पूरा करना चाहती है, जो बजट सेगमेंट में प्रोसेसिंग और मल्टी टास्किंग का बेहतरीन अनुभव चाहते हैं।

50 हजार के नीचे आया 10 ग्राम सोने का भाव

नई दिल्ली। आज 10 ग्राम सोने का भाव 50 हजार रुपये के नीचे आ गया है। सर्राफा बाजारों में आज सोने और चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली। सोने का भाव 199 रुपये लुढ़ककर 49,940 रुपये पर खुला। वहीं चांदी 1,538 रुपये गिरकर 65,576 रुपये पर खुली। बता दें कि IBJA द्वारा जारी किए गए रेट देशभर में सर्वमान्य है। हालांकि इस वेबसाइट पर दिए गए रेट में जीएसटी (GST) शामिल नहीं किया गया है। सोना खरीदते-बेचते समय आप IBJA के रेट का हवाला दे सकते हैं।

EPFO: नहीं है कोई जल्दबाजी, 28 फरवरी तक जमा करा सकते हैं जीवन प्रमाण पत्र

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाणपत्र देने की समयसीमा 28 फरवरी, 2021 तक बढ़ा दी गई है। इस कदम से ऐसे करीब 35 लाख लोगों को लाभ होगा जो कोरोना वायरस महामारी की वजह से नवंबर तक अपना जीवन प्रमाणपत्र जमा नहीं करा पाए हैं। श्रम मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि जो पेंशनभोगी 30 नवंबर तक अपना जीवन प्रमाणपत्र जमा नहीं कर पाए हैं, उन्हें फरवरी तक हर महीने पेंशन मिलेगी।

बयान में कहा गया है, ''कोविड-19 महामारी और इससे बुजुर्गों को खतरे को देखते हुए ईपीएफओ ने कर्मचारी पेंशन योजना-1995 के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाणपत्र जमा कराने की समयसीमा को बढ़ाकर 28 फरवरी, 2021 कर दिया है। अभी कोई भी पेंशनभोगी साल के दौरान 30 नवंबर तक जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकता है। यह प्रमाणपत्र इसके जारी करने की तिथि से एक साल के लिए वैध होता है।

1 जनवरी से बदल जाएंगे ये नियम इनका आप पर होगा सीधा असर

नई दिल्ली। नए साल की शुरुआत यानी 1 जनवरी, 2021 से आपकी रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े नियम बदलने वाले हैं। 1 जनवरी से चेक पेमेंट से जुड़े नियम बदल जाएंगे। इसके तहत 50,000 रुपये से अधिक भुगतान वाले चेक के लिए पॉजिटिव पे सिस्टम (सकारात्मक भुगतान व्यवस्था) लागू होगा। देश में तेजी से बढ़ते बैंकिंग धोखाधड़ी रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह अहम फैसला लिया। इसके अलावा 1 जनवरी से सिलेंडर की कीमतों में बदलाव होगा। हालांकि, दिसंबर में 2 बार रसोई गैस की कीमतें बढ़ चुकी हैं, अब ये देखना होगा कि नए साल में तेल कंपनियां सिलेंडर की कीमत बढ़ाती है या नहीं? आइए जानते हैं इन नियमों के बारे में..

लागू होगा पॉजिटिव पे सिस्टम: पॉजिटिव पे सिस्टम एक स्वचालित टूल है जो चेक के जरिये धोखाधड़ी करने पर लगाम लगाएगा। इसके तहत, जो व्यक्ति चेक जारी करेगा, उन्हें इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से चेक की तारीख, लाभार्थी का नाम, प्राप्तकर्ता और पेमेंट की रकम के बारे में दोबारा जानकारी देनी होगी। चेक जारी करने वाला व्यक्ति यह जानकरी एसएमएस, मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग या एटीएम जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दे सकता है। इसके बाद चेक पेमेंट से पहले इन जानकारियों को क्रॉस-चेक किया जाएगा। अगर इसमें कोई गड़बड़ी पाई जाएगी चेक से भुगतान नहीं किया जाएगा।

सूर्यकुमार यादव ने अर्जुन तेंदुलकर के एक ओवर में ठोके 21 रन

खेली 120 रनों की ताबड़तोड़ पारी

नई दिल्ली। सूर्यकुमार यादव ने हाल में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें सीजन में मुंबई इंडियंस की ओर से शानदार प्रदर्शन किया था और अब उसी फॉर्म के साथ वह सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट खेलने के लिए भी तैयार हैं। 10 जनवरी 2021 से सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट खेला जाना है और इसके एक प्रैक्टिस मैच में सूर्यकुमार ने अपने बल्ले से खूब चौके छक्के बरसाए। सूर्यकुमार ने 47 गेंद पर 120 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली और इस दौरान उन्होंने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर के एक ओवर में 21 रन जड़ डाले।

आईपीएल में सूर्यकुमार के प्रदर्शन को देखते हुए लगा था कि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टी20 टीम का हिस्सा बनेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं और इसको लेकर काफी विवाद भी हुआ था।

ईशांत शर्मा ने अजिंक्य रहाणे को बताया गेंदबाजों का कप्तान

कैप्टेंसी को लेकर दिया बड़ा बयान

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाकी बचे तीन मैचों के लिए टीम की कमान अजिंक्य रहाणे सौंप कर पैटरनिटी लीव पर भारत के लिए रवाना हो गए। अब अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व भारतीय टीम बाकी बचे तीनों मैच में ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला करने मैदान में उतरेगी।

इसी बीच भारत के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा का कहना है कि अजिंक्य रहाणे गेंदबाजों के कप्तान हैं और अपने शांत स्वभाव और खिलाड़ियों से स्पष्ट बात के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी तीन मैचों में अच्छी कप्तानी करेंगे। नियमित कप्तान विराट कोहली पैटरनिटी लीव पर स्वदेश लौटने के कारण रहाणे बाकी तीन टेस्ट में भारत की कप्तानी करेंगे।

चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर चल रहे ईशांत शर्मा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि रहाणे काफी चुप रहते हैं और आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। मैं जरूर कहूंगा कि वह गेंदबाजों का कप्तान है।

AUSvIND | भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच 26 दिसंबर से

बॉक्सिंग डे टेस्ट में इन बदलावों के साथ उतर सकता है भारत

दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच बॉक्सिंग डे यानि 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शुरू हो रहा है। पहले मैच में करारी शिकस्त के बाद भारतीय टीम मुश्किल में नजर आ रही है। पहले मैच की दूसरी पारी में भारतीय टीम महज 36 रन ही बना पाई थी। चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे जैसे दिग्गज बल्लेबाज भी दूसरी पारी में निराश किए थे। भारत को इस मैच में 8 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

इस हार के बाद दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम अपनी प्लेइंग-इलेवन में कुछ बदलाव कर सकती है। जहां टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी दाएं हाथ की कलाई में फ्रैक्चर के कारण सीरीज से बाहर हैं, वहीं युवा ओपनर पृथ्वी शॉ की लगातार खराब प्रदर्शन टीम के लिए दिक्कत पैदा कर रही है। आइए जानते हैं दूसरे मैच में टीम इंडिया को क्या-क्या बदलाव के साथ मैदान में उतरा चाहिए-

मोहम्मद शमी

भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कलाई में फ्रैक्चर के बाद सीरीज के बाकी तीन मैचों में नहीं खेल पाएंगे। एडिलेड में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट मैच के बैटिंग करते वक्त उनकी कोहनी में पैट कमिंस की गेंद लग गई थी, जिसके बाद वह मैदान से बाहर हो गए थे। मेडिकल रिपोर्ट में उनकी कलाई में फ्रैक्चर आया है जिसके बाद वह इस सीरीज से बाहर हो गए और स्वदेश रवाना हो गए हैं। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया गया है।

पृथ्वी शॉ

टीम इंडिया के युवा ओपनर पृथ्वी शॉ की लगातार खराब परफॉर्मेंस जारी है। वह बल्ले से जूझ रहे हैं। पहले टेस्ट मैच में वह केवल 4 रन ही बना पाए थे। इससे पहले आईपीएल में उनका बल्ला ज्यादा नहीं चला था। दूसरे टेस्ट मैच में उनकी जगह लोकेश राहुल को प्लेइंग-इलेवन में शामिल किया जा सकता हैं।

विराट कोहली

टीम इंडिया के नियमित कप्तान विराट कोहली अब सीरीज के शेष बचे तीनों मैच नहीं खेल पाएंगे। वह पैटरनिटी लीव पर स्वदेश रवाना हो गए हैं। उनकी जगह अजिंक्य रहाणे अब टीम इंडिया की कमान संभालेंगे। विराट की कमी टीम इंडिया को जरूर महसूस होगी।

रविंद्र जडेजा

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में घायल हुए रविंद्र जडेजा अच्छी तरह उबर रहे हैं और दूसरे टेस्ट मैच में वो उतर सकते हैं। जडेजा की वापसी से टीम इंडिया को मजबूती मिलेगी क्योंकि वो गेंदबाजी तो कर ही सकते हैं, साथ ही बल्ले से भी कमाल कर सकते हैं। सीरीज के पहले टी20 में उनके सिर में चोट लगी थी।

दूसरे टेस्ट मैच से पहले जडेजा और शुभमन गिल ने नेट्स में जमकर बहाया पसीना

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच 26 दिसंबर को खेलना है। सीरीज के पहले मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से करारी शिकस्त खाने के बाद टीम में कई बदलाव किए जा सकते हैं। पहले टेस्ट मैच से बाहर रहने वाले शुभमन गिल और रविन्द्र जडेजा ने प्रैक्टिस सेशन में जमकर पसीना बहाया। माना जा रहा है कि दोनों खिलाड़ियों को अगले मैच में मौका दिया जा सकता है।

पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में सभी भारतीय बल्लेबाज 36 रन ही बना पाए थे। जिसके बाद टीम इंडिया को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में असफल रहे पृथ्वी शॉ की जगह कई पूर्व क्रिकेटरों ने शुभमन गिल को मौका दिए जाने की बात कही। शुभमन गिल ने वनडे और फिर प्रैक्टिस मैच में अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया था। ऐसे में उम्मीद है कि गिल दूसरे टेस्ट मैच में ओपनिंग करते नजर आएं।

भाजपा शहर मंडल द्वारा अखिल भारतीय मंडल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

कोण्डागांव। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर कोंडागांव शहर मंडल मे दो दिवसीय अखिल भारतीय मंडल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्थानीय अटल सदन मे सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सासंद दिनेश कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी, जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज जैन के मार्गदर्शन में एवं प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम संचालन मंडल अध्यक्ष जैनेन्द्र ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ ।दो दिवसीय उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 12सत्र आयोजित किए गए । पूर्व सासंद दिनेश कश्यप ने 2014 के बाद भारत की राजनीति में बदलाव, पार्टी की रीति नीति एवं दायित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला । प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री उसेंडी द्वारा सुरक्षा सामर्थ्य के साथ आत्मनिर्भर भारत का संकल्प विषय पर चर्चा की गई । आज के भारत की वैचारिक मुख्यधारा एवं

भाजपा की राजनीति का इससे संबंध पर अपनी बात गोपाल दीक्षित ने रखी। व्यक्तित्व विकास के टिप्स नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी ने दिए ।

दूसरे दिन के समापन सत्र में संतोष कटारिया द्वारा पिछले 6 सालो मे हुए अंत्योदय के प्रयत्न पर बात की गई । तो वहीं भाजपा के विकास और इतिहास पर मनोज जैन ने विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की । पार्टी की कार्यपद्धति एवं संगठन संरचना मे भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । वर्तमान मे सोशल मीडिया की प्रासंगिकता व उसके प्रभाव विषय पर मीडिया प्रभारी रौनक दीवान द्वारा जानकारी दी गई। तत्पश्चात समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप द्वारा भाजपा सरकार की उपलब्धियां व कांग्रेस सरकार की असफलताओं के साथ ही भाजपा की राजनैतिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से चर्चा की गई । नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती हेमकुवर पटेल द्वारा आभार उद्बोधन व धन्यवाद पश्चात राष्ट्रगान के साथ प्रशिक्षण शिविर समापन की घोषणा हुई । उक्त दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मंडल पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

111एवं 231 बटालियन ने जनजातीय युवाओं को रोजगारपरक बनाने हेतु मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

दंतेवाड़ा (नव प्रदेश)। 21 दिसंबर 2020 को 111 एवं 231 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस के द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के जनजातीय युवाओं को रोजगारपरक बनाने हेतु बटालियन मुख्यालय में मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसके अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन लाइवलीहुड कॉलेज में किया गया जिसकी अवधि 30 दिनों की है और प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत सभी प्रशिक्षुयां को एक प्रमाण पत्र के साथ-साथ ड्राइविंग लाइसेंस भी दिया जाएगा। इसका आयोजन सिविल एक्शन प्रोग्राम कार्यक्रम 2020 के अंतर्गत किया जा रहा है। पूर्व में इस वाहिनी द्वारा स्थानीय जनजातीय युवाओं को रोजगार परक बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के कौशल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए नक्सलवादियों की खोखली विचारधारा से दूर होकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके जिससे कि वे अपने बच्चों को सुशिक्षित कर सके एवं एक भारत के विकास में कदम से कदम मिलाकर चल सके इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में श्री विनय कुमार सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक परिचालन के पुलिस बल दंतेवाड़ा श्री अमरेश कुमार कमांडेंट 111इ वाहिनी के री पुलिस बल श्री केवल कृष्ण द्वितीय कमान अधिकारी परिचालन रेंज दंतेवाड़ा श्री संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी 231 वी वाहिनी श्री विकास कुमार सिंह उप कमांडेंट श्री विश्वास कुमार सिंह उप कमांडेंट 111 वीं वाहिनी श्री नागेंद्र सिंह उप कमांडेंट 231वी वाहिनी श्री दानवीर सिंह उप कमांडेंट 111 वी वाहिनी केरी पुलिस बल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

भारी मुनाफे का धंधा हुआ मछली पालन

कम लागत में अच्छा पैसा कमा रहे श्री पोदियाराम ताती

दंतेवाड़ा (नव प्रदेश)। मत्स्य पालक श्री पोदियाराम ताती पिता श्री सन्नू ताती ग्राम टिकनपाल विकास खण्ड कुआकोण्डा, जिसके पास कुल 10.40 हेक्टेयर असिंचित भूमि है। जिसमें से केवल 1.00 हेक्टेयर भूमि पर मछलीपालन करता है। पूर्व में कृषि भूमि के पास स्थित मुण्डा तथा नदी-नालों में मछली पकड़कर स्थानीय बाजारों में बेचकर प्राप्त आय से अपनी अजीविका चलाता था। खेती के साथ-साथ अपनी आजीविका चलाने के लिये गांव में मजदूरी भी करता था। मछली पालन विभाग द्वारा मछली पालन के प्रति रूचि को देखते हुए कृषक को दस दिवसीय विभागीय मछुआ प्रशिक्षण एवं राज्य के बाहर अपनायी जाने वाली उत्कृष्ठ तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव के लिए अध्ययन भ्रमण पर भेजा गया। अध्ययन भ्रमण पश्चात मछली पालन विभाग से सम्पर्क किया। स्वयं की भूमि में मछलीपालन में रूचि लेकर 1.00 हेक्टेयर पर तालाब निर्माण कराकर मछलीपालन का कार्य प्रारंभ किया। कृषक को विभागीय योजना से मत्स्य बीज, परिपूरक आहार, जाल, आईस बाक्स, झींगा बीज, सीफेक्स आदि सहायता का लाभ प्रदाय कर उन्नत तकनीक एवं विभागीय मार्गदर्शन में मछलीपालन करने का सलाह दिया। जिससे वर्तमान में कृषक के द्वारा मछलियों का उत्पादन के साथ ही झींगा, देशी मांगूर का पालन कर उससे 2 लाख से 2.5 लाख रूपये की आमदनी वर्ष में प्राप्त कर रहा है। प्राप्त आय से तालाब के पास एक मकान बनवाया है। इस तरह मत्स्य पालन व्यवसाय को अपनाने से कृषक के परिवार को रोजगार का साधन प्राप्त हुआ एवं उसकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार हुआ।

विरोध | जिप अध्यक्ष के विरुद्ध अब ओजस्वी मंडावी ने खोला मोर्चा

सरपंच संघ को ओजस्वी का साथ, कहा जनप्रतिनिधियों को धमकाना बंद करें

नव प्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी ओजस्वी भीमा मंडावी ने जिला पंचायत अध्यक्ष के सरपंचों के प्रति धमकी भरे शब्दों को लेकर सरपंच संघ के विरोध का समर्थन किया है। विगत दिनों मजदूरों के पलायन को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा ने सरपंचों से धमकी भरी लिहाज में कठोर शब्दों का प्रयोग किया था। जिला पंचायत अध्यक्ष के शब्दों को लेकर सरपंच संघ ने विरोध जताते हुए माफी मांगने की बात कही थी। श्रीमती ओजस्वी भीम मंडावी ने तूलिका कर्मा के उक्त वाक्य को सरपंचों का अपमान बताया है। उन्होंने आरोप लगाते कहा कि जिला पंचायत अध्यक्षा राज्य की कांग्रेस सरकार के तर्ज पर धमकी भरी भाषा का उपयोग कर रही हैं। श्रीमती ओजस्वी ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष राज्य की कांग्रेस सरकार की तरह आम जनों को डरा धमका कर दबाव की राजनीति को जिले में संचालित करने का प्रयास कर

रहीं हैं। उन्होंने सरपंच संघ का समर्थन करते हुए कहा है कि सरपंच भी चुने हुए जनप्रतिनिधि है उनके प्रति अपमान जनक शब्दों का प्रयोग अनुचित है। भाजपा इसकी कड़े शब्दों में निंदा करती है, जिले के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति को ये शोभा नही देता। जिला पंचायत अध्यक्ष को सरपंचों से तत्काल माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मजदूरों के पलायन के लिए राज्य सरकार दोषी है न कि सरपंच सचिव या रोजगार सहायक। सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष कोपा कुंजाम ने जो बातें प्रेस के माध्यम से कहीं है उसमें पूरी सच्चाई है पंचायतों के कार्यों का भुगतान महीनों से लम्बित हैं। जिले के कई ग्राम पंचायतों के भुगतान पिछले दो वर्षों से लंबित हैं। जिससे मजदूरों भुगतान नही हो पा रहा है, नए कार्य स्वीकृत नही हो रहें हैं। ऐसे में सरपंच मजदूरों का पलायन कैसे रोक सकते हैं। इतना ही नहीं डीएमएफ़ योजन के तहत रोजगार उन्मूलक कार्य स्वीकृत होना बन्द हो गये हैं, पूर्व में ऐसी स्थिति नहीं थी लेकिन अब केवल कांग्रेस के चहेते नेताओं को ही इस मद के तहत कार्य मिलते हैं। उन्होंने कहा कि पलायन रोकने सरपंचों को धमकी देकर दबाव बनाना न्याय संगत नही है। श्रीमती मंडावी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकार अपने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करवा रही है। इस सरकार में ग्राम सरपंच, किसान, कर्मचारी, आम जन सभी को डराने का काम चल रहा है। कांग्रेस डराने की राजनीति छोड़ कर विकास के कार्यों पर ध्यान दे तो ज्यादा अच्छा होगा।

- सरपंच संघ के समर्थन में उतरीं ओजस्वी भीमा मंडावी
- अमर्यादित भाषा का पर्याय बन गई है कांग्रेस- मंडावी
- सरपंच भी चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं उनके प्रति अपमान जनक शब्दों का प्रयोग अनुचित
- मजदूरों के पलायन के लिए राज्य सरकार दोषी है न कि सरपंच सचिव या रोजगार सहायक

सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष कोपा कुंजाम ने जो बातें प्रेस के माध्यम से कहीं है उसमें पूरी सच्चाई है पंचायतों के कार्यों का भुगतान महीनों से लम्बित हैं। जिले के कई ग्राम पंचायतों के भुगतान पिछले दो वर्षों से लंबित हैं। जिससे मजदूरों भुगतान नही हो पा रहा है, नए कार्य स्वीकृत नही हो रहें हैं। ऐसे में सरपंच मजदूरों का पलायन कैसे रोक सकते हैं।

पर्याप्त सावधानी के साथ मास्कधारी को ही मदिरा विक्रय किया जाए

नव प्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। कलेक्टर की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2021-22 में संचालित होने वाले देसी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के व्यवस्थापन को लेकर बैठक रखी गई। जिला आबकारी सलाहकार समिति की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि वे व्यवस्था को सुधारें। सलाहकार समिति के सदस्यों और कलेक्टर ने शराब की अवैध बिक्री पर ठोस कार्रवाई करने के लिए आबकारी उड़नदस्ता दल को सतत रूप से निरीक्षण करने के निर्देश जारी किए हैं। इसी तरह बैठक में शराब दुकानों में सरकार की ओर से निर्धारित दर से अधिक दर पर शराब बेचने पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। बैठक में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाली दुकानों में देसी-विदेशी मदिरा की ड्यूटी दरें, 2018 में परिवर्तन या संशोधन के संबंध में तथा अन्य बिन्दुओं पर सलाहकार समिति के सदस्यों ने सुझाव दिए।

कलेक्टर ने एनआरएलएम के कार्यों का किया औचक निरीक्षण

दंतेवाड़ा (नव प्रदेश)। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने जिले के तुड़पारास, कारली एवं चितालंका स्थित प्रोड्क्शन यूनिट, दंतेश्वरी मार्ट एवं देवगुड़ी का औचक निरीक्षण करते हुए वहां एनआरएलएम तथा बिहान की दीदियों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति देखी। तुड़पारास में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा माता की चुनरी एवं फूलों, गोबर आदि से निर्मित अगरबत्ती का निर्माण किया जा रहा है जिससे लगभग 20 परिवार को लाभ हो रहा है। भविष्य में और परिवार को इस यूनिट से लाभ ही सके साथ ही अन्य प्रकार के वस्तुओं का उत्पादन हो सके इस पर जिला प्रशासन द्वारा योजना बनाई जा रही है। कारली में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित दंतेश्वरी मार्ट में निरीक्षण के दौरान श्री सोनी ने महिलाओं से मार्ट के खुलने से अभी तक की बिक्री, आमदनी का ब्यौरा मांगा। तत्पश्चात् चितालंका के देवगुड़ी जाकर वहां के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए पीने का पानी, शौचालय, शेड तथा अन्य सुविधाओं आदि का भी निरीक्षण किया।

चिकन एवं मटन दुकानों में की गई संयुक्त कार्रवाई

नव प्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। अनुविभागीय अधिकारी सह अभिहित अधिकारी श्री अविनाश मिश्रा आदेशानुसार दंतेवाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त डेयरी प्रतिष्ठानों एवं चिकन, मटन मार्केट का विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण 21 दिसंबर को किया गया। श्री अविनाश मिश्रा द्वारा गठित टीम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग पशु चिकित्सा विभाग नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन गठित टीम में उपस्थित थे। इस संयुक्त निरीक्षण दल के द्वारा परस पाल रोड स्थित मेन मार्केट में चिकन एवं मटन मार्केट का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य लाइसेंस की जानकारी ली गई। बिना लाइसेंस के संचालित दुकानों को नोटिस जारी कर लाइसेंस बनवाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान मार्केट परिसर में चिकन एवं मटन दुकानों द्वारा फैलाई गई गंदगी पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा चालानी कार्यवाही की गई। इस दौरान कुल 5 चिकन एवं मटन दुकानों से 13 सो रुपए चालान वसूल किया गया पशुपालन एवं खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा मटन दुकानों में बकरे काटने के पूर्व भौतिक सत्यापन करवाने के संबंध में जानकारी ली गई। जिसमें उन्होंने सत्यापन नहीं करवाना बताया इस हेतु मटन दुकानों को नोटिस जारी कर बिना सत्यापन के बकरा काटने पर भविष्य में कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

मारवाड़ी युवा मंच शक्ति ने किया गर्म कपड़ों का वितरण

शक्ति (नवप्रदेश)। नगर पालिका प्रांगण में मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा द्वारा 23दिसम्बर को नगर पालिका परिषद शक्ति के परिसर में लगभग 90 कर्मचारियों को गर्म कपड़ों का वितरण नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दादू जायसवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल महबूब खान इन सब की उपस्थिति में नगरपालिका के स्वच्छता दीदी कर्मचारी सहित गरीब तबके के लोगों को गर्म कपड़े वितरण किया गया सभी जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पालिका के स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों को वर्तमान शीत ऋतु को देखते हुए गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दादु जायसवाल के द्वारा कहा गया कि मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा शीत ऋतु के चलते कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है और गरीब तबके के लोगों को गर्म कपड़े की जरूरत पड़ती है ।

मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण और राजमिस्त्री का प्रशिक्षण 27 से

धमतरी। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में आगामी 27 दिसम्बर से मशरूम उत्पादन और राजमिस्त्री का निःशुल्क और आवासीय युक्त प्रशिक्षण दिया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु वर्ग के इच्छुक ग्रामीण बेरोजगार महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान आयस्टर मशरूम उत्पादन विधि, मशरूम के प्रकार, पैरा कुट्टी उपचार विधि, बैग तैयार करना, मशरूम स्पॉन की जानकारी, फसल प्रबंधन, पैकिंग एवं विक्रय, मशरूम उत्पादन के लिए खेत/स्थान की तैयारी इत्यादि की जानकारी दी जाएगी। इसी तरह मशीनरी एवं कांक्रीट वर्क (राजमिस्त्री) प्रशिक्षण के तहत मशीनरी एवं कांक्रीट वर्ग की जानकारी के साथ-साथ भवन निर्माण हेतु टूल्स, कार्य के दौरान सुरक्षा एवं सावधानी, माप की विधि, ईंट एवं रेत, कच्चा माल की जानकारी, छत की ढलाई इत्यादि की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए आवेदक को बीपीएल राशन कार्डधारी अथवा मनरेगा जॉबकार्डधारी, शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति, चार पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ इच्छुक व्यक्ति कलेक्टोरेट स्थित निदेशक, बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार विकास संस्थान में आवेदन जमा कर सकते हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

गलतफहमी से शोर...

शिवरतन शर्मा ने प्रस्ताव की ग्राह्यता पर चर्चा के दौरान अपना प्रस्ताव पढ़ा। इसमें बलरामपुर के किसान का जिक्र था जिसने आत्महत्या की कोशिश की थी। इस पर कांग्रेस के बृहस्पत सिंह ने आपत्ति जताते हुए कहा कि विपक्ष ने जीवित किसान को मृत बता दिया। बृहस्पत ने कहा कि वो किसान जिंदा है, कहो तो उससे बता करा दूंगा। वह मेरा कार्यकर्ता है। इस पर संसदीय कार्य व कृषिमंत्री ने भी कह दिया कि आश्चर्य की बात है कि जिसे संबंधित क्षेत्र के विधायक जीवित बता रहे है उस किसान को विपक्ष मृत बता रहा है। सत्तापक्ष के सदस्यों की ओर से 'जिंदा किसान को मृत बताना बंद करो' की नारेबाजी शुरू हो गई। भाजपा सदस्यों ने भी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामा इतना बढ़ा कि सभापति शर्मा ने कार्यवाही को 5 मिनट के लिए स्थगित कर दिया।

वयस्क लड़की के मर्जी...

वह हो सकता है कि ऐसे माहौल में दर्ज न कराया गया हो, जिसमें वह सहज महसूस कर रही हो। पिता द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने युवती को न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया था। युवती ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराते हुए कहा था कि उसने अपनी मर्जी से शादी की है।

भारत के स्पेस सेक्टर के...

इन-स्पेसई को जो प्रस्ताव मिले हैं, उनमें ग्राउंड स्टेशन के लिए परमिशन, सैटेलाइट बनाने और लॉन्च करने के लिए सेटेलाईट कंसटेंन्सी बनाने, लॉन्च वीकल बनाने और ऐप्लिकेशंस मुहैया कराने के प्रस्ताव शामिल हैं। डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस के सेक्रेटरी के सिवन ने कहा कि कई भारतीय कंपनियां सही तरीके से आगे बढ़ रही हैं जो बहुत उत्साहजनक है और प्रधानमंत्री के विजन के मुताबिक है। इनमें एलएंडटी और भारती ग्रुप और स्टार्टअप कंपनियां शामिल हैं। ऐमजॉन जैसी विदेशी कंपनियों के दिलचस्पी दिखाने से भारत को ग्लोबल स्पेस हब बनने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री मोदी को ...

नेशनल कांफ्रेंस को 2,82,514,भाजपा को 57,789 और कांग्रेस 1,39,382मिले हैं इन तीनों का वोट मिला दीजिए तो भाजपा का वोट इनसे अधिक है।

दो विधायकों वाली...

डूंगरपुर जिला प्रमुख के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा ने बीटीपी को हराने के लिए हाथ मिला लिए थे। पार्टी इससे नाराज चल रही थी।

गौरतलब है कि डूंगरपुर जिले में जिला परिषद की कुल 27 सीटें हैं। इस बार के चुनाव में बीटीपी को निर्दलीय के रूप में 13 सीट मिलीं तो वहीं आठ सीट पर भाजपा और छह सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की। ऐसी परिस्थिति में बीटीपी का बोर्ड बनना लगभग तय था लेकिन ऐन वक्त पर भाजपा कांग्रेस ने अपनी रणनीति के तहत सूर्या अहारी को जिला प्रमुख प्रत्याशी के रूप में निर्दलीय नामांकन कराया और बीटीपी का जिला प्रमुख बनने रोक दिया।

प्रदेश अध्यक्ष ने की समर्थन वापसी की घोषणा : बीटीपी के प्रदेश अध्यक्ष वेलाराम घोघरा ने बुधवार को सरकार से समर्थन वापसी की घोषणा कर दी। बीटपी का आरोप है कि सरकार ने उनकी 17 सूत्री मांगों में से एक भी पूरी नहीं की है। बीटीपी के राज्य विधानसभा में दो विधायक हैं। वेलाराम ने कहा कि पार्टी की ओर से आज रात तक सरकार से समर्थन वापसी का पत्र राज्यपाल कलराज मिश्र और विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिया जाएगा।

राज्य विधानसभा की अभी ये है दलगत स्थिति

1. कांग्रेस - 105
2. भाजपा 71
3. निर्दलीय 13
4. राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी - 3
5. भारतीय ट्राइबल पार्टी - 2
6. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी - 2
7. रिक्त - 3
8. राष्ट्रीय लोक दल - 1

न्यायालय तहसीलदार दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202011160100002/ अ-21/2020-21 ग्राम - दंतेवाड़ा

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुशीला पिता लखमू, जाति तेलंगा, साकिन दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा के द्वारा कलेक्टर महोदय जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम दंतेवाड़ा पटवारी हल्का नं. 03, तहसील दंतेवाड़ा स्थित शासन से व्यवस्थापन में प्राप्त भूमि खसरा नंबर 175/2 रकबा 0.3310 हे. में से 0.162 हे. भूमि को क्रेता श्री रितेश कुमार जैन पिता दयाचंद जैन, जाति जैन, साकिन दंतेवाड़ा, तहसील दंतेवाड़ा को विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहती है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08/01/2021 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 09/12/2020 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
दंतेवाड़ा

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ (छ.ग.)
मैनुअल पद्धति निविदा सूचना क्र. 09

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/1610/निविदा/ग्रायांसेवा/2020-21 रायगढ़, दिनांक 21.12.2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा ई.एम.डी. तकनीकी
अभिलेख जमा करने की अंतिम तिथि - 05.01.2021 अपरान्ह 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 05.01.2021 अपरान्ह 3.30 बजे से

क्रमांक	कार्य का नाम एवं स्थल	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)
01	जोनल निविदा- विकासखण्ड घरघोड़ा के अंतर्गत सिविल कार्य (प्रथम बार)	20.00
02	जोनल निविदा - विकासखण्ड सारंगढ़ के अंतर्गत सिविल कार्य (प्रथम बार)	20.00
03	जोनल निविदा - विकासखण्ड लैलूंगा के अंतर्गत सिविल कार्य (प्रथम बार)	20.00
04	जोनल निविदा - विकासखण्ड धरमजयगढ़ के अंतर्गत सिविल कार्य (प्रथम बार)	20.00
05	जोनल निविदा - विकासखण्ड खरसिया के अंतर्गत सिविल कार्य (प्रथम बार)	20.00

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 22.12.20202 से विभागीय वेबसाइट http://cg.nic.in/resworks से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
3. निविदा की धरोहर राशि कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायगढ़ के पक्ष में 15 माह का देय होगा तथा निविदा प्रपत्र का मूल्य डिमाण्ड ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कि कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ के पक्ष में देय होगा।

(अरविन्द राजमणी)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग रायगढ़ (छ.ग.)

जी-85767/3

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)
संशोधन क्रमांक 05 (जी. क्रमांक 85525/2)

आमंत्रित निविदा सूचना क्र. 42/ले.शा./दिनांक 22.10.2020 रिफरेंस आई.डी. नं. 202010006131 विकासखण्ड तखतपुर के ग्राम भकुर्रानवापारा एवं भीमपुरी में उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कार्य की निविदा अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है जो निम्नानुसार :-

विवरण	पूर्व निर्धारित तिथि	संशोधित तिथि
कोरे निविदा प्रपत्र हेतु राशि जमा करने एवं निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि	21.12.2020	04.01.2021
निविदा स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय	24.12.2020	07.01.2021 (अपरान्ह 3.00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	24.12.2020	07.01.2021 (अपरान्ह 4.00 बजे से)

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-85761/3

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

■ न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने महादेव तालाब सहित बस स्टैण्ड-सब्जी बाजार का किया निरीक्षण

बीजापुर (नव प्रदेश)। ''मनवा बीजापुर'' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में ''पहल'' अभियान के अंतर्गत बीजापुर नगर के सुव्यवस्थित विकास सहित सौंदर्यीकरण हेतु योजनाबद्ध ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस दिशा में नगर के सड़क किनारे निर्धारित दूरी पर दुकानों को व्यवस्थित करने सहित बस स्टैण्ड एवं सब्जी बाजार में साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसके साथ ही सड़क एवं नाली ईत्यादि को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जा रहा है। इस हेतु कलेक्टर श्री रितेश कुमार अग्रवाल ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उन्होने महोदव तालाब के किनारे स्थित बसाहट को व्यवस्थित करने कहा। वहीं सब्जी बाजार के पास सड़क किनारे की विभिन्न दुकानों को निर्धारित दूरी पर शिफ्ट करने के निर्देश दिये। वहीं बस स्टैण्ड परिसर में ठेले-गुमटियों को व्यवस्थित करने सहित स्वच्छता पर विशेष रूप से ध्यान देने कहा। उन्होने बस स्टैण्ड परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई किये जाने सहित मॉनिटरिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नगर पालिका परिषद के राजस्व बढ़ाने हेतु सब्जी बाजार के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे दुकानें निर्मित किये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर नगर पालिका परिषद बीजापुर के अध्यक्ष श्री बेनहूर रावतिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित एसडीएम बीजापुर श्री हेमेन्द्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर श्री सुरेन्द्र ठाकुर, सीएमओ श्री पवन मेरिया और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

अंतर्नाद जिला कलेक्टर के हाथों विमोचित

दतिमा मोड़ (नव प्रदेश)। कोरोना वायरस से उत्पन्न महामारी के कारण सारा विश्व ठहर सा गया है, ऐसे समय में स्कूल, कॉलेज इत्यादि सारे बंद पड़े हैं। ऐसे समय में क्षेत्र के तेरह शिक्षकों को अन्य प्रदेश में कोरोना जागरूकता कार्य संपन्न कराकर लौटने की खबर अफवाह स्वरूप फैली और इन शिक्षकों को 28 दिनों का होम कोरोनटाइन में रहने को कहा गया किंतु शिक्षक तो शिक्षक होते हैं यह शिक्षक होम कोरोनटाइन रहते हुए भी पढ़ना-लिखना नहीं छोड़े परिणाम स्वरूप अपने मन के विचारों को इन्होंने शब्दों में पिरो कर लेखन कार्य प्रारंभ किया और उसे एक पुस्तक का स्वरूप दे डाला। इन तेरह शिक्षकों की लिखी हुई रचनाएं ए वर्डस्मिथ पब्लिकेशन पंचकूला हरियाणा से विकास कुमार दक्ष के देखरेख अंतर्नाद काव्य सरिता(काव्य संग्रह) में छप कर तैयार होकर आई। अंतर्नाद काव्य सरिता का विमोचन जिले के ऊर्जावान कलेक्टर रणवीर शर्मा के द्वारा अपने चेंबर में सभी रचनाकार शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया।आपने शिक्षकों से साहित्यिक चर्चा कर शिक्षकों को सतत रूप से पढ़ने-लिखने हेतु प्रेरित किया, जिससे बच्चों एवं शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन सकें। आपने उपस्थित शिक्षकों को बधाई देते हुए सदैव लेखन- पठन कौशल को अपनाने, प्रचार प्रसार करने हेतु प्रेरित किया। इस पुस्तक के संकलन व समन्वयकर्त्ता क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय के प्रधान पाठक सीमांचल त्रिपाठी हैं, आपने चर्चा में बताया कि यह पुस्तक गूगल, अमेजॉन और फ्लिपकार्ट पर भी उपलब्ध है, जिसे आवश्यकतानुसार ऑर्डर देकर मंगाया जा सकता है।

जवाबों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

कोरिया (नवप्रदेश)। कृशि विभाग के उप संचालक ने बताया कि छत्तीसगढ विधानसभा शीतकालीन सत्र 21 दिसंबर 2020 से 30 दिसंबर 2020 तक होना है। इस दौरान प्राप्त प्रष्नों के उत्तर समय सीमा में भेजने हेतु सहायक संचालक कृशि श्री षिवषंकर सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह सहायक संचालक कृशि श्री लाल सिंह आर्मो को सहायक अधिकारी तथा सहायक ग्रेड-03 श्री कंचन किषोर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्री विनोद कुमार को सहसहायक नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर ने किया खापर नाला व्यपवर्तन योजना का निरीक्षण

बलरामपुर (नव प्रदेश)। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े ने विकासखण्ड बलरामपुर के कपिलदेवपुर में खापर नाला योजना के अंतर्गत बन रहे नहर के विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों निर्माण कार्य मे संलग्न कर्मियों तथा स्थानीय ग्रामीणों से बात कर नहर की आधारभूत तथा कार्य के प्रगति की जानकारी ली। आमजनों से स्थानीय भाषा मे बड़ी ही आत्मीयता से बात करते हुए क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, जलस्तर, वर्तमान सिंचाई व्यवस्था तथा नहर बनने से होने वाले सिंचाई रकबे में वृद्धि की जानकारी ली। तकनीकी विशेषज्ञों ने कलेक्टर को ड्रॉइंग के माध्यम से नहर के तकनीकी पक्ष की सूक्ष्म जानकारी भी दी। कपिलदेवपुर में खापर नाला व्यपवर्तन योजना के निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि खापर नाला व्यपवर्तन के अंतर्गत बन रहे इस नहर की लंबाई लगभग 6 किमी है तथा इसके निर्माण से कपिलदेवपुर, मदनपुर तथा बसेरा गाँव के कृषकों को फायदा मिलेगा। नहर के बनने से खरीफ फसल के कुल 605 हेक्टेयर तथा रबी के मौसम 155 हेक्टेयर रकबा सिंचित होगा।

पहल | पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए वर्चुअल क्लास

दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए लगेगी उपचारात्मक मोहल्ला क्लास

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। बोर्ड परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कक्षा दसवी एवं बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए उपचारात्मक मोहल्ला क्लास लगाई जाएगी, जिसमें छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा के लिए समुचित तैयारी के साथ-साथ उनके विषय से संबंधित शंकाओं का समाधान भी किया जाएगा। मुख्य रूप से गणित, भौतिकी, रसायन, अंग्रेजी, जीव विज्ञान, एकान्टेंसी, कृषि विज्ञान के विद्याथियों के लिए यह क्लास संचालित होगी, जिसमें संबंधित संस्था के विषय विशेषज्ञों शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाया जाएगा। कलेक्टर श्री चन्दन कुमार ने आज शिक्षा विभाग के अधिकारियों, सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारियों, बीआरसी एवं विषय विशेषज्ञ संयोजक की बैठक ली, जिसमें शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 01 जनवरी से उपचारात्मक मोहल्ला क्लास (रेमिडियल क्लास) संचालित किया जावे, जिसमें सभी संबधित शिक्षकों को पढ़ाना अनिवार्य होगा। समस्त प्राचार्यगण अपनी संस्था में विषय शिक्षक के माध्यम से सप्ताह में तीन दिवस हाई स्कूल एवं तीन दिवस हायर सेकेण्डरी स्कूलों की उपचरात्मक मोहल्ला क्लास संचालित करेंगे। इसी आधार पर बोर्ड द्वारा निर्धारित इकाईवार तथा माहवार पाठ्यक्रम के तहत् माह जनवरी एवं फरवरी में यूनिटवार तथा माह मार्च में संपूर्ण पाठ्यक्रम में मूल्यांकन परीक्षा लिया जायेगा, जिसके सभी प्रश्न पत्र जिला स्तर के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के टीम द्वारा तैयार की जाएगी। कलेक्टर श्री चन्दन कुमार ने जिले के समस्त प्राचार्यो को निर्देशित किया है कि 01 जनवरी से शुरू होने वाले उपचारात्मक मोहल्ला क्लास में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित किया जावे। इसके लिए सभी प्राचार्य पालक समिति की बैठक भी आयोजित करें तथा कोविड-19 के गाईडलाईन का अनिवार्य रूप से पालन किया जावे।

कांग्रेस के दिग्गज नेता मोतीलाल वोरा को कांग्रेस ने दी श्रधांजलि

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के द्वारा 23 दिसम्बर को विधायक निवास कांकेर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष तथा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा के निधन पर उनके सम्मान में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की गई। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील गोस्वामी ने उनके व्यक्तित्व के संबंध में कहा कि कांग्रेस संगठन में मोतीलाल वोरा जी को सच्चे सिपाही के रूप में जाना जाता रहा है जिसके चलते उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस के कोषाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी निभायी। अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री तथा उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के रूप में तथा केन्द्र में मंत्री के रूप में सक्रिय भूमिका निभायी। उनके जैसे नेता राजनीतिक में विरले ही होते है उनकी सक्रियता सादगी हमेशा याद रखी जायेगी। उनका निधन छत्तीसगढ़ की राजनीतिक के साथ-साथ कांग्रेस के लिए भी अपूर्णीय क्षति है। श्रद्धांजली सभा में प्रमुख रूप से नरेश ठाकुर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, मनोज जैन, सुनील गोस्वामी, तरेन्द्र भण्डारी, दीपक शोरी, इसहाक अहमद, लक्ष्मणपुरी गोस्वामी, नीरा साहू, आरती यादव, गीता भास्कर, हेमलता जैन, रोशन आरा, यास्मीन खान, लक्ष्मी सहारे, गोमती सलाम, संतोष गजबीए, सोमेश सोनी, मनोज यादव, शंकर पोटाई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

क्रिसमस पर नहीं निकलेगी रैली और न ही होंगे आयोजन

कोरबा (नव प्रदेश)। 25 दिसंबर को क्रिसमस (बड़ा दिन) मनाया जाएगा। यह दुखद ही है कि हम कोरोना संक्रमण के कारण प्रभु यीशु के जन्म दिन पर मनाई जाने वाली खुशियां सामूहिक रूप से नहीं मना पाएंगे। ऐसा कहना है कि पेंतीकास्टल इवैनिजिकल चर्च मानिकपुर के पास्टर भीम चंद्रा का। उन्होंने कहा कि यह संभ?वतः यह पहला अवसर होगा कि हम इस दिन को यादगार के रूप में नहीं मना पाएंगे, लेकिन आस्था में कोई कमी नहीं होने देंगे।

इस बार नहीं जुटेगी भीड़

पास्कर ने कहा उन्होंने कहा कि समुदाय के लोग अपने अपने घरों में क्रिसमस ट्री सजाकर प्रार्थना करें, जहां तक चर्च के सामूहिक कार्यक्रम की बात है तो वहां सीमित लोग ही शामिल होंग्रे जिन्हें सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्क लगाकर शामिल होना होगा। पास्टर चंद्रा ने कहा कि इस बार इस क्रिसमस पर कोई रैली का आयोजन नहीं होगा और न ही कार्यक्रम। इसलिए लोग कोरोना से बचाव के साथ संक्षिप्त कार्यक्रमों में शामिल होकर खुशी मनाएं। क्रिसमस के पर्व की खुशियों में कोई कमी नहीं की जाएगी।

हॉकेर राईस मिल से एक हजार क्विंटल धान जप्त किया गया

कांकेर (नव प्रदेश)। कलेक्टर श्री चन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में धान के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों तथा मंडी के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा गत दिवस पखांजूर तहसील हॉकेर स्थित कृष्णा राईस मिल से 25 सौ बोरा लगभग 01 हजार क्विंटल धान को जप्त किया गया है, जो इस वर्ष जिले में अब तक की सबसे बड़ी जप्ती की कार्यवाही है। इस कार्यवाही में नायब तहसीलदार मोहित साहू, खाद्य निरीक्षक जतिन देवांगन और मंडी उप निरीक्षक बलराम कोर्राम शामिल थे। उक्त टीम द्वारा धान खरीदी केन्द्र हॉकेर में टोकन से ज्यादा धान की तौलाई का मामला भी पकड़ा गया तथा 104 बोरा मोटा धान जप्त किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार स्थानीय प्रशासन द्वारा इस वर्ष काफी सक्रियता बरतते हुए दिन-रात धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। तहसीलदार शेखर मिश्रा ने बताया पखांजूर तहसील के 05 धान खरीदी केन्द्रों पी.व्ही. 32, पी.व्ही. 121, माटोली, छोटेबेठिया, कुरेनार के केन्द्र प्रभारी को हटा दिया गया है तथा कुल तीन समिति प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

शक्ति में भाजपा की बैठक संपन्न

सक्ती (नव प्रदेश)। भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के शक्ति विधानसभा, जैजैपुर विधानसभा, एवं चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख पार्टी पदाधिकारियों की बैठक 23 दिसंबर को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शक्ति के सभागार में जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा की उपस्थिति में संपन्न हुई, इस दौरान मंचस्थ अतिथियों में शक्ति के पूर्व विधायक एवं राम मंदिर जन जागरण अभियान के जिला संयोजक डॉ खिलावन साहू, जिला के पूर्व उपाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, जिला प्रशिक्षण के संयोजक दिनेश सिंह,सह संयोजक कृष्णकुमार सिंहसर्वा,संजय रामचंद्र, कोषाध्यक्ष गगन जयपुरिया,उपाध्यक्ष विवेका गोपाल,मंत्री गोपी सिंह ठाकुर प्रमुख रूप से मंचस्थ थे,स्वागत उद्बोधन सक्ती नगर मंडल अध्यक्ष भवानी प्रसाद तिवारी ने दिया, इस दौरान पार्टी द्वारा आगामी 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों को बूथ स्तर पर करने एवं तीन विधानसभा क्षेत्रों में अखिल भारतीय प्रशिक्षण वर्ग को बेहतर व्यवस्थित कार्य योजना बनाकर संपन्न कराने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया, एवं सुझाव आमंत्रित किए गए साथ ही 27 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को भी बूथ स्तर पर सुनने का आग्रह किया गया एवं प्रत्येक मंडलों में किसान पंचायत एवं किसान सम्मेलनों का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्र की सरकार द्वारा लाए गए।

कलेक्टर पहुंचे पेंग्विन पोल्ट्री

दतिमा मोड़ (नव प्रदेश)। सरगुजा कलेक्टर संजीव कुमार झा द्वारा जिले के ग्राम पंचायत राई में स्थित पेंग्विन पोल्ट्री को देखते पहुचे। पोल्ट्री फार्म संचालक प्रदीप जायसवाल द्वारा बताया गया कि अंडों का उत्पादन बेहतर होता है और लोगो को इसके माध्यम से रोजगार मिल जाता है 5 वर्षो से संचालित फार्म में आज 50000 अंडे का उत्पादन प्रतिदिन होता है और सरगुजा संभाग का पहला यह पोल्ट्री फार्म है जो बहुत सारी क्षेत्र व दूसरे जिलों में भी अंडों भेजा जाता है जिसमे खोपा, बरपारा, धरतीपारा, लक्ष्मीपुर,दतिमा, गांगीकोट, रामनगर, करंजी, सुहागपुर, सरस्वतीपुर, सोनपुर लटोरी भगवानपुर, अंबिकापुर, कोरिया, बलरामपुर सप्लाई की जाती है और यहां से लोगों को ताजा अंडा प्राप्त होता है। सरगुजा कलेक्टर ने फार्म संचालन प्रदीप जायसवाल की तारीफ करते हुए और वहां की फॉर्म में लगे हुए कार्यकर्ताओं की भी सराहना कि इस उत्पादन के जरिए इन लोगों को आप ज्यादा से ज्यादा संख्या में रोजगार व स्वरोजगार की ओर जोड़ सकते हैं। इस दौरान सरगुजा जिला पंचायत सीईओ विजय कुमार, डॉ अजय अग्रवाल, प्रवेंद्र सिंह व आदि उपस्थित थे।

राजस्व पटवारी संघ के आंदोलन में पहुंचे पूर्व मछुआ बोर्ड अध्यक्ष

■ आगामी विधानसभा सत्र में नेता प्रतिपक्ष उठाएंगे पटवारी संघ का मुद्दा - मटियारा

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। राजस्व पटवारी संघ के नौ सूत्रीय मांगों को लेकर जारी हड़ताल ज़ारी है।राजस्व पटवारी संघ के आंदोलन को समर्थन देने भाजपा नेता व पूर्व मछुवा कल्याण बोर्ड अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा भरत मटियारा ने हड़ताल में बैठे राजस्व पटवारी संघ के सदस्यों से मुलाकात कर उनकी नौ सूत्रीय मांगों को जायज बताते

कहा कि आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा के सत्र के दौरान भाजपा के नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौषिक से राजस्व पटवारी संघ के नौ सूत्रीय मांगों को विधानसभा में प्रश्न करने के लिए आग्रह करने की बात कही गई है।

मुलाकात के दौरान जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष सुधीर लकरा, पूर्व जिला अध्यक्ष चयन कृष्ण सरकार कॉंकेर तहसील अध्यक्ष तपेश जैन,भानुप्रतापपुर तहसील अध्यक्ष धीरज जैन अंतागढ़ तहसील अध्यक्ष जय कश्यप , जिला प्रवक्ता संजय कुमार यादव विशेष तिरसुनिया,रमेश गावड़े शामिल थे।

कलेक्टर ने किया मोहल्ला क्लास का निरीक्षण

बलरामपुर (नव प्रदेश)। कोविड-19 के कारण सुरक्षा की दृष्टि से सभी शैक्षणिक संस्थाओं को बन्द रखा गया है। बच्चों की शिक्षा अवरूद्ध न हो इसलिए राज्य शासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर मोहल्ला क्लास प्रारम्भ किया गया है। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े ने आज विभिन्न मोहल्ला क्लास का निरीक्षण कर बच्चों और शिक्षकों से बात की। बड़कागांव हाईस्कूल में मोहल्ला क्लास के निरीक्षण के दौरान प्राचार्य के अनुपस्थित पाए जाने पर कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े ने बड़कागांव और शारदापुर ई में मोहल्ला क्लास के निरीक्षण के दौरान बच्चों से बात की। बच्चों से कलेक्टर ने पाठ्यपुस्तक से संबंधित सवाल पूछे तथा पाठ पढ़कर सुनाने को कहा। बच्चों ने उन्हें पाठ पढ़कर सुनाया और सवालों के जवाब भी दिए।

विकासखण्डों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों का किया गया उपचार

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। कोरोना महामारी से जहॉ पूरा विश्व परेशानियों का सामना कर रहा है और उससे बचने के लिए लोग सामाजिक दूरी बनाये हुए हैं तथा तरह-तरह के भ्रांतियों के कारण स्वस्थ्य केन्द्रों मे इलाज कराने के लिए परहेज करने लगे हैं, जिससे सामान्य बीमारियों का गंभीर रूप लेने का खतरा बना हुआ है। स्वस्थ्य केन्द्रों मे मरीजों की संख्या मे कमी को देखते हुए कलेक्टर श्री चन्दन कुमार के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके के मार्गदर्शन में जिले के प्रत्येक विकासखंडों मे सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्रों की टीम द्वारा 21 नवम्बर से लगातार विशेष स्वस्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के लिए खण्ड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा स्वस्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। शिविरों के लिए विकासखंड के ऐसे ग्रामों का चयन किया जा रहा है जो विरल एवं दूरस्थ क्षेत्रों में हो, साथ ही ऐसे ग्रामों को भी चिन्हांकित किया जा रहा है जहां पर मरीज ईलाज कराने के लिए स्वस्थ्य केंद्र नहीं आ रहे हैं।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL, Shed No. 2, Dangania, Raipur-492013
Phone No. 0771-2574562, Fax :- 0771-2574579, website www.cspc.co.in E-mail:-civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/2553 &2554 | Raipur, date 17.12.2020

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below :-

Sl. No.	Tender Specification No.	Name of Work	NIT value in 18% GST (Rs.)	EMD (Rs.)	Completion period (incl. Rainy season)	RFx No.
1	CEC/HTPS-KW/W/2020/197	Safe demolition of damaged platform at EL+158.50 of chimney PH-II alongwith strengthening of chimney ladder at HTPS, CSPGCL, Korba West.	12.36 Lacs	12,400/-	03 Months	8100019759
2	CEC/HTPS-KW/W/2020/198	Renovation & strengthening of steel bridge at 2nd crossing over return canal near Dhondhpara village at HTPS, CSPGCL, Korba West.	12.68 Lacs	12,700/-	04 Months	8100018538
3	CEC/HTPS-KW/W/2020/199	External painting work of New A, B, C & D type quarters at HTPS, CSPGCL, Korba West.	20.36 Lacs	20,400/-	03 Months	8100019639
4	CEC/DSPM-KE/W/2020/200	Annual work of valve and pump operation for distribution of water supply of AB type and CDEF type colony at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East.	18.38 Lacs	18,400/-	24 Months	8100019599
5	CEC/DSPM-KE/W/2020/201	Annual watch and ward & safety of GT Hostel in AB type colony at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East.	8.87 Lacs	8,900/-	12 Months	8100019558
6	CEC/DSPM-KE/W/2020/202	Annual cleaning of grass, shrubs, bushes and undesirable plants inside Power House by spraying of herbicides/ weedicides at DSPM -TPS, CSPGCL, Korba East	10.50 Lacs	10,500/-	24 Months	8100019702
7	CEC/DSPM-KE/W/2020/203	Annual maintenance & upkeep of lawn & garden (Part -C) situated in different location at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East	10.14 Lacs	10,200/-	24 Months	8100019703
8	CEC/DSPM-KE/W/2020/204	Annual maintenance of lawn and garden (Part-A) situated from DSPM-TPS New gate to old gate, old gate to O/o The S.E. (Civil), Shilanyas & Near Shilanyas Udhyan, DSPM new gate to outside at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East.	9.02 Lacs	9,100/-	24 Months	8100019704
9	CEC/DSPM-KE/W/2020/205	Fly ash utilization works by ash filling in private low lying land area near Podibahar Muktidham with ash obtained from Gorbi Pandripani ash dyke of DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East.	8.02 Lacs	8,100/-	01 Months	8100019689
10	CEC/ABVTPS-MRW/W/2020/206	Annual maintenance of lawn & garden inside power house premises of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Marwa-Tendubhata.	8.72 Lacs	8,800/-	24 Months	8100019572
11	CEC/ABVTPS-MRW/W/2020/207	Annual operation of SLRM Center i/c daily collection of Domestic waste from door to door of residential quarters and Segregation of waste collected under solid waste management rules at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa.	15.44 Lacs	15,500/-	24 Months	8100019552
12	CEC/ABVTPS-MRW/W/2020/208	Replacement of damaged/unserviceable roof sheets of shed no. 1 & 2 of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa.	15.23 Lacs	15,300/-	02 Month	8100019714
13	CEC/ABVTPS-MRW/W/2020/209	Sweeping & cleaning of different office buildings and office sheds, its surrounding area & cleaning of toilet blocks existing at BTG area of 2x500 MW ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa.	11.93 Lacs	12,000/-	24 Months	8100019763
14	CEC/DSPM-KE/W/2020/210	Providing & Fixing vitrified floor tiles and glazed tiles at PGTI Building of DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East.	15.79 Lacs	15,800/-	02 Months	8100019789

Cost per tender form for Sl. No. 2 to 14 Rs. 590/- (Rs.500/- + 18% GST) & Sl. No. 1 is Rs. 885/- (Rs.750/- + 18% GST). The due date & time for submission of bids Tender Cost & EMD is 06.01.2021 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 08.01.2021 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj/portal.
Note:- (i) Maintenance period shall be 12 Months for Sl.No. 1, 2, 3, 9, 12 & 14 and Sl. No. 4, 5, 6, 7, 8, 10, 11 & 13 is nil. (ii) Experience of similar nature of Horticulture/Gardening work is required for work at Sl. No. 7, 8 & 10. (iii) Contractor should have valid license of insecticides/pesticides from Govt. Deptt. for S.No. 06. (iv) Similar nature work experience is required for work at S.No. 01.

Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur

//Save Electricity// S.-27314/2

खगोलीय | बृहस्पति ग्रह के 4 चांद आयो, यूरोपा, गेनीमेड व कैलिस्टो भी दिखाई दिए

कॉफी पाइंट से दिखा बृहस्पति और शनि का नजारा

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की ओर से सोमवार की शाम कॉफी पाइंट में बृहस्पति और शनि के महामिलन का नजारा देखने व्यवस्था की थी। यह नजारा शाम को 6 से साढ़े 7 बजे के बीच देखने को मिला। इस खगोलीय घटना के साक्षी कई विज्ञान प्रेमी रहे। कॉफी पाइंट पर जुपिटर सैटर्न के कंजंक्शन को टेलीस्कोप के माध्यम से देखा गया। कोरोना महामारी के कारण पब्लिक कार्यक्रम नहीं रखा था। इसकी सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोगों ने सपरिवार आकर टेलिस्कोप के माध्यम से इस खगोलीय घटना को देखा। शाम 6 से साढ़े 7 तक इस खगोलीय घटना को देखने वालों में बड़ी संख्या में बच्चे भी थे, जिन्होंने उत्सुकतापूर्वक सहभागिता की इस खगोलीय घटना में दोनों के बीच की आभासी दूरी 0.1 डिग्री से भी कम रह गई थी, जबकि वास्तविकता में शनि और गुरु के बीच नजदीक आने पर दूरी औसत 65.5 करोड़ किमी होती है। दूर होने पर यह दूरी औसत 2.21 अरब किमी होती है। कार्यक्रम में वन विभाग का विशेष सहयोग रहा। डीएफओ कोरबा गुरुनाथन एन ने सपरिवार आकर छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के सदस्यों का मनोबल बढ़ाया। आयोजन में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा कोरबा के सचिव दिनेश कुमार, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, सहसचिव वेदव्रत उपाध्याय, छविस राज्य संयुक्त सचिव निधि सिंह, प्रकाश तेंदुलकर, सुमित सिंह, सर्वज्ञ, लीला प्रसाद, देव माझी, मुकेश कृष्ण कुमार चंद्रा ने सहयोग किया।

महान विज्ञानी गैलीलिओ गैलीली ने टेलीस्कोप बनाने के बाद 1623 में शनि और गुरु को एक-दूसरे के इतने करीब पहली बार देखा था। टेलीस्कोप की सुविधा उपलब्ध होने से ग्रह-नक्षत्रों समेत ब्रह्मांड के कई रहस्यमय व भ्रामक तथ्यों की सत्यता का पता चला था।

जनसंपर्क विभाग ने नरहरपुर में लगाई फोटो प्रदर्शनी

कांकेर। नरहरपुर साप्ताहिक बाजार में आज जनसंपर्क विभाग द्वारा एक दिवसीय फोटो प्रदर्शनी लगाई गई जिसे लोगों ने खूब सराहा। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों में 02 वर्ष के उपलब्धियों की जानकारी दी गई है। राज्य में संचालित मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, 23 नये तहसीलों का गठन, महिला उत्थान के लिए संचालित योजनाएं, लघु वनोपज की खरीदी, तेंदुपत्ता संग्रहण, बस्तर संभाग में चना वितरण की योजना, गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर की खरीदी डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना आदि की जानकारी दी गई।

पत्थलगांव क्षेत्र में हाथियों ने 3 ग्रामीणों के घर को पहुंचाया नुकसान

नवप्रदेश संवाददाता

पत्थलगाँव। पत्थलगाँव में हाथियों से अपने फसल और आशियाने को बचाना किसानों के लिए सबसे बड़ी चुनौती साबित हो रही है। ठंड के दिनों में किसानों को अपनी फसल और घरों की रखवाली के लिए रतजगा करना पड़ रहा है। बीती रात हाथियों ने द्वारा ग्रामीणों के घरों को निशाना बनाया जा रहा है। पत्थलगाँव क्षेत्र के मठपहाड़ चौक के समीप भरारी नाले के पास हाथी ने 3 घरों को नुकसान पहुंचाने के बाद तोड़ दिया । सोमवार की रात को 8:30 बजेअचानक पत्थलगाँव के ग्राम मठपहाड़ के समीप भरारी नाले बस्ती में चार हाथी के घुसने से लोगों में अफ्रा तफ्री मच गई। हाथियों ने तीन घरों को नुकसान पहुंचाया। सबसे पहले सुनील नाग के घर के साथ गाँव के राम नाग समेत एक अन्य घरों को नुकसान पहुंचाया। आवाज सुनकर घर में सो रहे लोगों को भागना पड़ा। पीड़ित लोगों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

पढ़ने लगी कड़ाके की ठंड

अंगीठी, गोरसी का ले रहे सहारा

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। नगर सहित अंचल के गांवों में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। निरंतर क्षेत्र में पारा नीचे गिरता ही जा रहा है। ठंडी हवाएं चलने के कारण शीतलहर की स्थिति है। जिससे अंचल के गांव सुनसान नजर आ रहे थे।

कड़ाके की ठंड का अहसास पिछले 4-5 दिनों से हो रहा है। इस कारण से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोग स्वेटर, जैकेट आदि पहनकर घर से बाहर निकलने को मजबूर है। सुबह-सुबह हल्की शीतलहर की स्थिति बनने से ठिठुरन बेहद बढ़ जा रही है। दिन में तेज धूप के बावजूद ठंड चरम पर है। क्षेत्र में एक सप्ताह पहले आसमान पर बादल छाये रहने की वजह से ठंड नहीं के बराबर थी। इन दिनों ठंड का असर ग्रामीण जनजीवन पर भी देखा जा रहा है। ठंड के कारण ग्रामीण अपने-अपने घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। खासकर बुजुर्ग अचानक मौसम के बदले मिजाज से सुबह अपने-अपने घरो में अंगीठी, गोरसी तापते नजर आ रहें हैं। ग्रामीण अपने निजी व खेती संबंधित कार्य सुबह 5 बजे से प्रारंभ कर देते थे पर पिछले 5 दिनों से ठंड के कारण यह कार्य 2 से 3 घंटे विलंब से प्रारंभ कर रहें है। वहीं रोजाना अलसुबह घने कोहरा के छाए रहने से लोगो को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सुबह 9 बजे के बाद ही कोहरा से निजात मिल रही है। क्षेत्र के गांव की गलियां रात 8 बजे के बाद वीरान हो जा रही है।

शीतलहर पड़ने के कारण इन दिनों हरी सब्जी के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। नदी क्षेत्र पर बसे गांव के ग्रामीणों ने चर्चा पर बताया कि जिस प्रकार की कड़ाके की ठंड पड़ रही है ऐसा ही ठंड पड़ता रहा तो जिन किसानों ने हरी सब्जी की खेती कर रखी है उनके लिए यह मौसम बेहद फायदेमंद साबित होगा। मिर्च, धनिया, गोभी, आलु, बैगन के लिए फायदेमंद है। क्योंकि इस तरह के मौसम में कीट स्वमेव ही समाप्त हो जाते हैं। इससे खेतों में कीट प्रकोप नहीं होता है। इससे सब्जी फसल का उत्पादन भी अच्छा होगा और दवाई की छिड़काव की जरूरत नहीं पड़ेगी। कुल मिलाकर यह मौसम हरी सब्जी के उत्पादन में अमृत के समान है।

फर्जी हस्ताक्षर व मुख्तियारनामा तैयार कर की लाखों रुपये की धोखाधड़ी

रायपुर। भाई बहनों के नाम से कृषि भूमि को छलपूर्वक मुख्तियारनामा तैयार कर फर्जी हस्ताक्षर करके सहकारी संस्था मर्यादित से 1 लाख 05 हजार रुपयें केसीसी लोन एवं खाद प्राप्त करने की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच के बाद किशोर साहु के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बदेहीपारा गोबरानवापारा निवासी प्रदीप कुमार साहु 50 वर्ष पिता स्व. मूलचंद साहु ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 09 भाई बहन है जिनके नाम से 8 एकड़ कृषि भूमि ग्राम जरौदा में है। पीड़ित का भाई किशोर कुमार साहु 60 वर्ष ने अपनी पत्नी हेमिन बाई व पुत्र इन्द्रजीत साहु एवं दामाद व अमिन पटवारी एवं अन्य लोगों के साथ मिलकर जून 2020 में भाई-बहनों के नाम से 3.15 हेक्टेयर करीबन 8 एकड कृषि भूमि जो सामुहिक खाता में दर्ज है।

तहसील में बने लोकसेवा केंद्र में ताला तोड़कर बदमाश ने की चोरी

■ सीसीटीवी फुटेज आया सामने

नवप्रदेश संवाददाता

पत्थलगाँव। पत्थलगाँव में चोरी की घटनाओं का सिलसिला जारी है। पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था को धता बताते हुए चोर घटनाओं का अंजाम देकर पुलिस के लिए चुनौती पेश कर रहे है। एक के बाद एक हो रही चोरी की वारदातों से लोग परेशान हो रहे है। रविवार की देर रात पत्थलगाँव के पालीडीह चौक स्थित लोक सेवा केंद्र में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी की ये वारदात सीटीटीवी में कैद हो गई। वहीं चोर तहसील कार्यालय में लगे सभी सीसी कैमरे को भी तोड़कर ले गए चोर लोक सेवा केंद्र में रखे दो सिपीयू एक लेपटोप, एवं एलसीडी चोरी कर लिए । चोरी की सूचना पर पहुँचे पत्थलगाँव टीआई संतलाम आयाम ने केंद्र का निरिक्षण कर सीसी फुटेज के आधार पर चोर की पतासाजी में जुट गई है। फुटेज में दो चोर अपनी मुह को पूरी तरह से ढक कर लोक सेवा केंद्र की तरफ से तहसील कार्यालय प्रवेश कर सीसी कैमरे उखाड़ते नजर आ रहे है। चोर रविवार की देर रात तहसील के अंदर बने लोक सेवा केन्द्र के रूम का ताले तोड़कर सीपीयू ,लैपटॉप, एलसीडी चुराकर ले गए। कहा जा रहा है कि चोर सीसीटीवी के उखाड़ने के बाद मेन वायर को काट दिया । ताकि उनकी फुटेज सीसीटीवी में न आ पाए । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वही पुलिस ने डॉग स्क्वायड टीम को मदद मांगी है । वही जशपुर से डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई गई है ।

मालखरौदा : जलाया जा रहा खेतों में पैरा, वरिष्ठ कृषि अधिकारी अनजान

जिम्मेदार अधिकारियों के पास किसानों के लिए नहीं मिल रहा समय

■ कार्यालय से 1 किलोमीटर की दूरी पर खेतों में पैरा जलाए जाने के बाद भी वरिष्ठ कृषि अधिकारी का ध्यान नहीं

नवप्रदेश संवाददाता

> अगर किसान लोग पैरा जलने के लिए मुझे जिम्मेदार मानते है तो अच्छी बात है। पत्रकार लोग हमे जानकारी देते रहे।
>
> **के.आर. चंद्रा, वरिष्ठ कृषि अधिकारी मालखरौदा**

मालखरौदा। मालखरौदा क्षेत्र के अधिकांश पंचायतों में किसान फसल के पैरा को धड़ल्ले से जला रहे हैं जबकि शासन के द्वारा पैरा को खेत में ही खाद बनाने के लिए पाउडर पर्याप्त कार्यालयों में पहोचा दिया गया है शासन के निर्देशानुसार यदि कोई किसान पैरा को खेतों में ही जलाया तो उसकी निश्चित भरपाई जुर्माना या कारावास की सजा भी तय कर दी गई है वैज्ञानिकों का कहना है कि खेत में आग लगाने से मिट्टी की पैदावार कम हो जाती है और मिट्टी में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं साथ ही उसमें उड़ने वाली धुआ पर्यावरण को भी प्रदूषित करता है मालखरौदा के शासकीय अधिकारियों की नाकामी के वजह से अभी तक एक भी किसान खेतों में खाद बनाने की तैयारी को लेकर रुचि नहीं दिखा रहे हैं वरिष्ठ कृषि अधिकारी आरके चंद्रा आंख मूंदकर कार्यालय में ही सो रहे हैं तो किसानों को कैसे पता चलेगा कि पैरा को खाद बनाने के लिए पाउडर मिलता है वरिष्ठ कृषि अधिकारी इस विषय में ना ही प्रचार प्रसार कर रहे हैं और ना ही किसानों से बात कर रहे हैं केवल कार्यालय में ही व्यस्त हैं वरिष्ठ कृषि अधिकारी अपने चाहतों को ही शासकीय सामानों को वितरण करा दिया जा रहा है देखें तो वरिष्ठ कृषि अधिकारी अपने सगे संबंधी और लेन-देन वाली किसानों को ही खरीफ फसल मैं आने वाले गेहूं मक्का पाउडर बीज को मनमानी तरीके से वितरण किया जा रहा हैं जिसमें छोटे किसान और मध्यम वर्ग की किसान कुचला सा महसूस कर रहे हैं मालखरौदा क्षेत्र में किसान पैदावार को लेकर बहुत ही ज्यादा परेशान हैं इस वर्ष बीती मौसम किसानों को नुकसान झेना पड़ा और इसी चिंताओं को लेकर किसान डलवा फसल जैसे फसलों का सहारा लेना चाहते हैं वही कृषि अधिकारी से बात करने पर पता चला कि पैरा को खाद बनाने के लिए पाउडर कार्यालय में आ गया है गौठान में निश्चित मात्रा पर भिजवाया जाएगा केआर चंद्रा कृषि अधिकारी का कहना है कि आप लोग हमें जानकारी देते रहें हम लोग देख लेंगे इतने में ही आप समझ सकते हैं कि कार्यालय में चल क्या रहा है हर एक पंचायत में कृषि विस्तार अधिकारी बनाया गया है ताकि गांव के समस्याओं को शासन तक पहुंचा सके किंतु यहां कुछ और माजरा चल रहा है

इस वर्ष बीती मौसम में फसलों को भारी नुकसान हुआ है इसलिए डलवा फसल की तैयारी में अभी से ही जुड़ गए हैं किंतु वरिष्ठ कृषि अधिकारी के द्वारा अभी तक खेतों में पैरा को खाद बनाने के लिए कोई नियम कानून या पाउडर पर्याप्त नहीं किया है इस वजह से हम लोगों को पैरा चलाना पड़ रहा है यदि हम लोगों को पाउडर दिया जाता तो अवश्य खाद बनाते

कोचियों के खिलाफ कार्रवाई तेज

खरोरा। सचिव सह आबकारी आयुक्त श्री निरंजन दास एवं प्रबंध संचालक श्री ए. पी.त्रिपाठी सर के द्वारा दी गई निर्देश के तारतम्य में एवं कलेक्टर रायपुर श्री डॉ एस भारती दासन तथा उपायुक्त आबकारी ज़िला रायपुर श्री अरविंद पाटले के मार्गदर्शन में आज दिनांक 20/ 12/ 2020 को गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर संतोष रात्रे खपरी की दुकान की तलाशी लेने पर आरोपी संतोष रात्रे के कब्जे से *288नग देशी मदिरा मशाला का पाव कुल मात्रा 51.840 बल्क लीटर* बरामद किया गया। गस्त के दौरान आबकारी उप निरीक्षक श्री अरविंद कुमार साहू मुख्य आरक्षक अशोक साहू ,आरक्षक जागेश्वर वर्मा, एजाज रसूल खान एवं ड्राइवर जितेंद्र साहू साथ रहे।

कटघोरा वन मण्डल : 6 माह बीतने के बाद भी नहीं मिला मजदूरी भुगतान

नवप्रदेश संवाददाता

विभाग लूट रहा था वाहवाही

वन विभाग ट्री गार्ड बनाने महिलाओ को रोजगार देने की कहते हुए जमकर वाहवाही लूटी थी। अब अज मजदूरी भुगतान की बात आई तो मनरेगा का काम है कहते हुए पल्ला झाड़ने में लगी है। वैसे भी सरकारी विभागों में काम कम वाहवाही ज्यादा लूटने का रिवाज है जिसे नए डीएफओ ने भी पूरा किया। बहरहाल महिलाओ को मजदूरी भुगतान न मिलने से स्व सहायत समूहों में जमकर रोष है।

कोरबा। कटघोरा वन मंडल का नया कारनामा उजागर हुआ है। जिस ट्री गार्ड लगाने के नाम पर करोड़ों का वारा न्यारा हुआ उसी ट्री गार्ड बनाने वाले मजदूर आज मजदूरी पाने दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। मामला देवला पाठ के आसपास की महिला स्व सहायता समूहों का हैं जहां महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की बात कहते हुए ट्री गार्ड बनाने का काम दिया गया था। महिलाओं को अधिकारियों ने बताया कि काम वन विभाग की ओर से कराया जा रहा हैं। निर्माण के बाद मजदूरी भुगतान तुरंत किया जाएगा। लॉक डाउन में काम छीनने के बाद महिलाओं में फिर उत्साह भरा और पूरे जोश खरोश के साथ काम किया, और भुगतान की बारी आई तो विभाग के नुमाइंदे कहने लगे रोजगार गारंटी का काम है शासन से राशि आने के बाद भुगतान किया जाएगा। ऐसे में महिलाएं अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं और मजदूरी की रकम पाने दफ्तरों के चक्कर काटने मजबुर हैं।महिलाओ ने बताया कि उन्हें विभाग से ढाई हजार ट्री गार्ड बनाने का ऑर्डर मिला था। जिसे तैयार करने में 1 माह का समय लगा था। निर्माण के एवज में 4 लाख 50 हजार की राशि बकाया है।